पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 159

ग्वालियर, गुरूवार, 29 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

वन-टू-वन

कुत्ते की तलाश में जुटी स्टेट मशीनरी

इस्लामाबाद, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रहे आजम खान की भैंस चोरी होने पर पुलिस और प्रशासन ने घर-घर जाकर तलाशी ली थी। अब एक ऐसा ही वाकया पाकिस्तान से सामने आया है। यहां गुजरांवाला शहर के कमिश्नर जुल्फिकार घुमन का कुत्ता मंगलवार को लापता हो गया। उनके ऑफिशियल रेसिडेंस का गेट कुछ समय के लिए खुला रह गया था, इसी दौरान वह निकल भागा। कुत्ते की तलाश में स्टेट मशीनरी को लगा दिया गया है। पुलिस और नगर निगम के अधिकारी ऑटो रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर कुत्ते के लापता होने की सूचना दे रहे हैं। साथ ही स्थानीय लोगों को चेतावनी भी दी जा रही है कि कुत्ता अगर किसी के घर से पाया जाएगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नर ने कुत्ते के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई और उन्होंने हाउस-टु-हाउस सर्च की मांग की। इसके बाद से ही गुजरांवाला नगर निगम और पुलिस विभाग को उसकी तलाश में लगा दिया गया। अधिकारी शहर की गलियों में घर-घर जाकर कुत्ते की तलाश कर रहे हैं। लोगों से इस बारे में पूछताछ की जा रही है।

धोलावीरा के विश्व धरोहर सूची में शामिल होने से देश का सिर सम्मान से ऊंचा हुआ : नायडू

नई दिल्ली (ए)। गुजरात में हड़प्पा काल के शहर धोलावीरा को संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर राज्यसभा में बुधवार को देशवासियों को बधाई देते हुए सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का सिर ऊंचा हुआ है। तेलंगाना के वारंगल में पालमपेट स्थित रामप्पा मंदिर के बाद इस महीने विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया धोलावीरा भारत का दूसरा स्थल है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति ने कहा कि हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख स्थलों में शामिल धोलावीरा को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। देश के लिए यह गर्व की बात है कि अब इस सूची में हमारे 40 स्थल हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का सिर ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि धोलावीरा, हड़प्पा सभ्यता से संबंधित एक ऐतिहासिक शहरी बस्ती का उत्कृष्ट उदाहरण है जो उस काल की वास्तुकला, जल प्रबंधन प्रणाली तथा तत्कालीन सांस्कृतिक-सामाजिक व्यवस्था की झलक दिखाता है। उन्होंने कहा कि वहां ईसा पूर्व तीसरी और दूसरी सहस्राब्दि के जन-जीवन के साक्ष्य मिले हैं।

24 घंटे नल से शुद्ध पीने का पानी देने वाला पहला शहर बना पुरी

भुवनेश्वर (ए)। ओडिशा का पुरी शहर वैसे अपने धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है, लेकिन अब वहां एक ऐसा काम हुआ है,इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। दरअसल, पुरी में सभी घरों के लोगों को 24 घंटे नल से शुद्ध पीने का पानी मिलेगा। इस सुविधा से तकरीबन 2.5 लाख लोगों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ड्रिंक फ्रॉम टैप (सुजल) मिशन की शुरुआत कर शहरवासियों से अपील किया कि वे पानी की बर्बादी ना करें। सुजल मिशन के साथ ही पुरी अब दुनिया के उन शहरों में शामिल हुआ हैं, जहां चौबीसों घंटा पीने का शुद्ध पानी नल से दिया जाता है।

प्रदेश में नहीं बढ़ेगी रजिस्ट्री की दरें

इस साल पुरानी दरों पर ही होती रहेंगी प्रापर्टी की रजिस्ट्री

भोपाल, निप्र

मध्य प्रदेश सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में प्रापर्टी की रजिस्ट्री दर नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है। यानी मौजूदा कलेक्टर गाइडलाइन की दरों पर ही 31 मार्च 2022 तक संपत्तियों की रजिस्ट्री होगी। वहीं प्रदेश की 5 हजार नई जगहों पर दरें निर्धारित की जाएगी। माना जा रहा है कि आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। प्रदेश में प्रापर्टी की रजिस्ट्री फीस 19 से 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव मूल्यांकन बोर्ड ने जून में सरकार को दिया था। इसे 1 जुलाई से लागू किया जाना था, लेकिन



पांच हजार नई जगह के लिए नई गाइडलाइन तय करेगी सरकार

सरकार ने पहले 15 जुलाई और फिर 31 जुलाई तक मौजूदा गाइडलाइन के हिसाब से ही रजिस्ट्री फीस लेने का फैसला किया था। अब सरकार ने इस वर्ष गाइडलाइन की दरों में वृद्धि नहीं करने का फैसला लिया है। इस वित्तीय वर्ष में मौजूदा गाइडलाइन से ही संपत्ति की रजिस्ट्री होगी। साथ ही 5 हजार ऐसे स्थान जहां दरें निर्धारित नहीं थीं, वहां दरें निर्धारित की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने बुधवार सुबह ट्वीट कर गाइडलाइन की दरें नहीं बढ़ाने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि मध्यप्रदेश शासन ने आमजन को राहत देने के उद?देश्य से इस वर्ष संपत्ति की गाइडलाइन की दरों में वृद्धि नहीं करने का फैसला किया है। हालांकि, जानकार नगरीय निकाय चुनाव के चलते गाइडलाइन पर फैसला लेने की बात कह रहे हैं। बता दें कि आगामी दिनों में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं। चूंकि, गाइडलाइन बढ़ने से उसका असर शहरी लोगों पर ज्यादा होना था। इसलिए सरकार ने मौजूदा गाइडलाइन ही जारी रखने का निर्णय लिया है। प्रदेश में रजिस्ट्री फीस बढ़ाने का मामलानिकाय चुनाव के चलते टल सकता है नई गाइडलाइन का फैसला, अभी 31 जुलाई तक है छूट, 19 से 20 प्रतिशत तक फीस बढ़ाने का प्रस्ताव

2015-16 में बढ़ी थी दरें

बता दें कि वर्ष 2015-16 में सरकार ने 4 प्रतिशतबढ़ोतरी की थी। वहीं 2019-20 में तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने गाइडलाइन की दरें 20 प्रतिशत तक इस उम्मीद में घटा दी थी कि मंदी की मार झेल रहे रीयल एस्टेट में फिर बूम आएगा।

सवा लाख लोकेशन पर 40 प्रतिशत तक दरें बढ़ाने का था प्रस्ताव

मूल्यांकन बोर्ड ने जून माह में सरकार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश की सवा लाख लोकेशन पर 5 से 40 प्रतिशत तक दरें बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। भोपाल और इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट की वजह से कलेक्टर गाइडलाइन (बाजार दर) 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव था। हालांकि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे हरी झंडी नहीं दी थी और 31 जुलाई तक गाइडलाइन बढ़ाने के फैसले को टाल दिया था। अब मुख्यमंत्री ने मौजूदा गाइडलाइन ही यथावत रखने का निर्णय लिया है।

प्रदेश के 18 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

नदियां उफान पर होने से गुना, भिंड और श्योपुर में बाढ़ की स्थिति; ग्वालियर में भरा पानी

भोपाल निप्र

मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश से ग्वालियर-चंबल संभाग की स्थिति बिगड़ने लगी है। यहां पर चंबल, पार्वती, टेम, कूनो और सिंध नदियां उफान पर हैं। गुना, शिवपुरी, श्योपुर और भिंड के कई गांव बाढ़ से घिर गए हैं। नदियों का पानी पुल पर आने से रास्ते बंद हो गए हैं। गुना में सड़क बह गई। ग्वालियर शहर में 24 घंटे में साढ़े 3 इंच से ज्यादा बारिश होने से कॉलोनियों में पानी भर गया है। भोपाल और इंदौर में हल्की बारिश हो रही है। जबलपुर में गुरुवार को बरगी डैम के गेट खुल सकते हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 से 72 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश में तेज बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने गुना, ग्वालियर, शिवपुरी सहित 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, नीमच, मंदसौर, विदिशा, छतरपुर सहित 10 जिलों में भारी बारिश के साथ बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, होशंगाबाद, उज्जैन संभाग के अन्य जिलों में रिमझिम बारिश की संभावना भी जताई है। वहीं, मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि इस सप्ताह तो पूरे प्रदेश को बारिश मिलती रहेगी।

ग्वालियर- 24 घंटे में साढ़े तीन इंच से ज्यादा बारिश

ग्वालियर में 24 घंटे में साढ़े तीन इंच से ज्यादा बारिश हुई। इसकी वजह से शहर की कुछ कॉलोनियों में पानी भर गया। गांधी नगर में घुटने तक पानी भर जाने की वजह से लोगों को परेशानी हुई। बारिश के कारण सचिन तेंदुलकर रोड धंसक गई। एक दिन पहले यहां भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई थी। जुलाई में अभी तक साढ़े नौ इंच बारिश हो चुकी है।

चार दिन से रिमझिम बारिश

जबलपुर में पिछले चार दिनों से रिमझिम फुहारें पड़ रही हैं। यहां 24 घंटे में 1.6 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक सप्ताह तक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान संभाग में तेज और मध्यम बारिश का अनुमान है। अभी बरगी में 1100 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड आ रहा है। जबकि 201 क्यूसेक पानी की निकासी हो रही है। इसमें 191 क्यूसेक बिजली बनाने में तो 5-5 क्यूसेक बांयी व दांयी तट वाली नहर में छोड़ा जा रहा है।

बंगाल की खाड़ी में फिर से एक सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस कारण 2 से 5 अगस्त तक प्रदेश फिर से जमकर भीगेगा। जिले में पार्वती उफान पर है। इससे 7 गांव चारों तरफ से पानी से घिर गए हैं। उमरी रोड पर डायवर्टेट सड़क बह गई। गुना-फतेहगढ़ रोड पर झागर में पुलिया के ऊपर से पानी आने से पुलिस ने इस रास्ते पर न आने की अपील की है। इससे राजस्थान से जिले का संपर्क कट गया है, हालांकि मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक ज्यादा बारिश नहीं हुई। इस दौरान 10 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

देशभर में खराब मौसम से हाल बेहाल

जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से 4 की मौत, 40 लापता; महाराष्ट्र के सात जिलों में यलो अलर्ट

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ के होंजर डच्चन गांव में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, घटना में 30 से 40 लोग लापता बताए जा रहे हैं। खराब मौसम की वजह से बचाव के लिए पुलिस और सेना के जवानों को मौके पर पहुंचने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घायलों का एयरलिफ्ट करने के लिए एयरफोर्स की भी मदद ली जा रही है। वहीं, महाराष्ट्र में मौसम विभाग ने फिर एक बार मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी है। रायगढ़, रत्नगिरि, कोल्हापुर, सातारा सहित बाढ़ से बेहाल जिलों में फिर से मूसलाधार बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 30 जुलाई तक ऐसे ही हालात बने रहने की आशंका जताई है। इसके अलावा पुणे, सिंधुदुर्ग और ठाणे के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, हिमाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़ से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 9 लोग लापता बताए जा रहे हैं। लाहौल-स्पिति जिले के उदयपुर में मंगलवार की रात आठ बजे यह घटना हुई। राज्य आपदा प्रबंधन के डायरेक्टर सुदेश कुमार मोख्ता ने बताया कि बादल फटने के चलते लाहौल-स्पिति जिले में अचानक बाढ़ आ गई। चंबा जिले से भी एक शख्स लापता बताया जा रहा है। आइए जानते हैं बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों का हाल... सबसे पहले बात जम्मू-कश्मीर की करें, तो किश्तवाड़

संसद में विपक्ष एकजुट: 14 दलों के साथ बैठक

राहुल गांधी बोले- जासूसी, महंगाई और किसानों के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

पेगासस जासूसी, महंगाई और कृषि कानूनों के मुद्दे पर संसद में विपक्ष का हंगामा जारी है। बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्रवाई फिर से शुरू हुई, लेकिन हंगामा जारी है। उधर लोकसभा में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के चलते सदन की कार्यवाही पहले 12.30 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले एक जैसी विचारधारा वाली 14 विपक्षी पार्टियों ने एक अहम मीटिंग की और सरकार को घेरने की योजना बनाई। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पेगासस जासूसी केस, महंगाई और किसानों के मुद्दे पर हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम संसद में इन मुद्दों पर चर्चा करना चाहते हैं।

राहुल ने कहा कि सरकार विपक्ष को ये कहकर बदनाम कर रही है कि हम संसद की कार्यवाही नहीं होने चलने दे रहे हैं। लेकिन हम तो जनता, किसानों और देश से जुड़े मुद्दों को उठा रहे हैं। जिन मुद्दों पर आज हंगामा हो रहा है, मंगलवार को भी इन मुद्दों पर राज्यसभा और लोकसभा में शोर-शराबा हुआ था।

विपक्ष की बैठक में ये 14 दल शामिल हुए

विपक्ष की बैठक में कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस, आम आदमी पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, राष्ट्रीय समाज पार्टी, केरल कांग्रेस (एम), विदुथालाई चिरुथैगल कच्ची और एसएस पार्टी के नेता शामिल थे।

कोरोना के देश में बीते दिन 42966 संक्रमित मिले

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। यहां पिछले 24 घंटों में 42,966 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इस दौरान 41,491 लोग ठीक हुए और 641 मरीजों की मौत भी हुई। केरल के आंकड़े लगातार चिंता बढ़ा रहे हैं। यहां मंगलवार को 22,129 संक्रमितों की पहचान हुई। यह आंकड़ा पिछले 2 महीनों में सबसे ज्यादा है। इससे पहले 29 मई को 23,513 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। देश के 8 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसे ही कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। देश के 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंशिक लॉकडाउन है। यहां पाबंदियों के साथ छूट भी है।

भीषण सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत, 25 अन्य घायल

बाराबंकी (ए)। उप्र के बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट क्षेत्र में एक ट्रक के सड़क किनारे खड़ी बस से जा टकराने से 18 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फोन कर घटना की जानकारी ली है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक पंजाब के लुधियाना से बिहार जा रही एक निजी 'डबल डेकर' बस 27-28 जुलाई की मध्य रात रामसनेहीघाट क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या

राजमार्ग पर कल्याणी नदी के पास 'एक्सेल' टूट जाने की वजह से सड़क के किनारे खड़ी थी। बस ठीक होने में देर लगने की बात बताए जाने पर यात्री बस से बाहर निकल आए थे और कुछ लोग बस के आगे सड़क पर लेटे भी हुए थे। तभी रात करीब 12 बजे पंजाब से बिहार जा रहा नागालैंड का एक ट्रक अनियंत्रित होकर बस से जा टकराया। हादसे में बस में सवार 18 लोगों की मौत हो गई तथा 25 अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में से 12 की पहचान बिहार के सुरेश यादव (35), इंदल महतो (25), सिकंदर मुखिया (40), मोनू साहनी (30), जगदीश साहनी (40), जय बहादुर साहनी (40), बैजनाथ राम (55), बलराम मंडल (55), संतोष सिंह (30), बउवा (24), नरेश (37) और अखिलेश मुखिया, (30) के तौर पर हुई है। बस सवार ज्यादातर लोग बिहार के निवासी थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ की हालत गंभीर थी, इसलिए उन्हें इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

वारदात को अंजाम देने आया 7 साल से फरारी को पुलिस ने पकड़ा

शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन में स्थाई वारंटियों की धरपक? के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमोला द्वारा 3 प्रकरण में फरार एक स्थाई वारंटी को दबोचकर न्यायालय पेश किया गया। जहाँ थाना प्रभारी अमोला उनि राघवेन्?द्र सिंह यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि थाने के 3 प्रकरणों में पिछले 7 साल से फरार स्थाई वारंटी झांसी हाईवे रोड़ टाटा मोटर्स के पास कोई अवैध हथियार लिए घटना घटित करने की नियत से खड़ा है। सूचना पर से थाना प्रभारी अमोला द्वारा एसडीओपी करैरा जीडी शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्?थान पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपित के पास से एक छूरी भी बरामद की गई। आरोपित को पकड़ने में थाना प्रभारी अमोला उनि राघवेन्?द्र सिंह यादव, सउनि प्रेमलाल पाण्?डे, प्रआर नरेन्?द्र पाल, महेन्?द्र सक्?सैना, आरक्षक देवेन्?द्र, राजपाल, नीतेन्?द्र सिंह एवं आरक्षक चालक संजीव की सराहनीय भूमिका रही।

ट्रक में पीछे से घुसी पिकअप, कटर की सहायता से काटकर निकाले 2 युवकों के शव

शिवपुरी। शिवपुरी शहर के पिपरसमां फोरलेन बायपास चौराहा पर मंगलवार की त?के करीब 5 बजे ख? ट्रक में पीछे से पिकअप लोडिंग गा?ी घुस गई। हादसे में यूपी के दो युवकों की जान चली गई है। पिकअप के अंदर दोनों युवकों के शव फंस गए। कटर मशीन मंगाकर गा?ी की बॉडी काटी, तब जाकर शव बाहर निकाले। प्राप्त जानकारी के अनुसार शौकीन शाह उम्र 30 वर्ष पुत्र अहमद अली और नदीम उम्र 24 वर्ष पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी रामपुरा उत्तरप्रदेश सोमवार की शाम 6 बजे पिकअप गा?ी में मछली बीज लेकर राजस्थान के बारां जिले के लिए निकले थे जहाँ पिपरसमां फोरलेन बायपास पर मंगलवार की त?के 4 बजे ख? ट्रक में पिकअप पीछे से घुस गई। आगे की तरफ से पिकअप का आधा हिस्सा ट्रक में घुस गया था। क्रैन बुलवानी प?ी और उससे खींचकर पिकअप को अलग किया, लेकिन क्षतिग्रस्त पिकअप के अंदर दोनों युवकों के शव बुरी तरह फंसे हुए थे। बाद में कटर मंगवाया और गा?ी की बॉडी काटकर दोनों युवकों के शव बाहर निकाले। सूचना पर परिजन शिवपुरी रात 8 बजे आए इस कारण शवों का पीएम नही हो सका। इससे पहले भी हादसे में इस जगह पर मां के बाद बेटे की जान जा चुकी है।

जिले में 328.97 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शिवपुरी। शिवपुरी जिले में 01 जून 2021 से अभीतक 328.97 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 224.07 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। गत वर्ष जिले में कुल 822.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 303 मि.मी., बैरा? में 478 मि.मी., पोहरी में 325 मि.मी., नरवर में 450 मि.मी., करैरा में 296 मि.मी., पिछोर में 245 मि.मी., कोलारस में 332 मि.मी., बदरवास में 261 मि.मी. एवं खनियाधाना में 270 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है

दिन दहाड़े अज्ञात तीन बाईकर्सो ने महिला प्रोफेसर के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया

शिवपुरी। खबर शहर के मध्य स्थिति गांधी पार्क की है। जहां दिन दहाडे अज्ञात तीन बाईकर्सो ने महिला प्रोफेसर के साथ लूट की बारदात को अंजाम दिया है। इस बारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे। तभी पब्लिक ने इन आरोपीयों को दबौच लिया। जानकारी के अनुसार अनीता जैन पत्नि डॉ आरके जैन उम्र 60 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी कन्या महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ है। आज दोपहर लगभग 3 बजे वह कॉलेज से घर जाने के लिए निकली।

उत्तर पुस्तिका जमा करने के चलते शासकीय पीजी कॉलेज मैं टूटी कोरोना की गाइड लाइन

शिवपुरी।

शिवपुरी शासकीय पीजी कॉलेज में बुधवार को छात्र छात्राओं की भी? उस समय उम? प?ी जब छात्र-छात्राओं को अपनी उत्तर पुस्तिका को जमा करने के चलते दो दिन का ही समय मिला जिसके कारण बुधवार को कॉलेज में छात्र छात्राओं की भी? अपनी उत्तर पुस्तिका जमा करने की वजह से उम? प?ी। जिसके चलते शासकीय पीजी कॉलेज में ना तो कोरोना महामारी से बचाव के लिए शारीरिक दूरी का पालन होता हुआ दिखाई दिया। और ना ही कॉलेज प्रबंधन की ओर से उत्तर पुस्तिका जमा कराने के लिए रोल-नम्बर वाइज पुस्तिका जमा करने की व्यवस्था की गई। जहाँ आलम ये रहा कि बुधवार को छात्र छात्राओं की लंबी कतार देखने को नजर आयी। बुधवार को लगभग 1000 से अधिक छात्र छात्राएं बी.ए की ओपन बुक प्रणाली से परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को जमा कराने आये थे। जिन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से सिर्फ दो दिन का समय अपनी उत्तर पुस्तिका को जमा कराने के लिए दिया गया हैं। जिसके चलते बुधवार को कॉलेज में भारी भी? उम? प?ी। आपको बता दे कि शासकीय पीजी कॉलेज में बी.ए में 1850 बच्चे प्राइवेट और लगभग 800 छात्र छात्राएं रेगुलर बी.ए की कक्षाओं में अध्ययनरत है।

इनका कहना हैं

बी.ए के लड़के है संख्या ज्यादा हैं फिर भी हमने कंट्रोल करके चला हैं। की किसी भी तरीके से बच्चो को ज्यादा परेशानी का सामना ना करना प? लेकिन कारण यही हैं कि बी.ए प्राइवेट में 1850 बच्चे है तो वही रेगुलर में 800 हैं जिसके चलते बाहर से भी बच्चे आते हैं। जिसमे बुधवार और गुरुवार दो दिन का समय दिया गया हैं इनको कॉपी जमा करने का जिसमे 80त्न बुधवार को जमा हो गयी है बाकी बची 20त्न जो गुरूवार को जमा हो जाएंगी उसके अलाबा भी यदि कोई बच्चा रह जाता हैं तो उसे भी हम आगे मेंगज कर लेंगे लेकिन कोई भी बच्चा छूटेगा नही ।

महेंद्र कुमार प्रभारी प्राचार्य शासकीय पी.जी कॉलेज शिवपुरी

प्रशासन ने आठ लोगो के अस्थायी अतिक्रमण हटाये,अतिक्रमण मुक्त जमीन पर होगा वृक्षारोपण

शिवपुरी। शासकीय सर्वे नंबर 2038 के सीमांकन उपरांत अनुविभागीय अधिकारी अंकुर रवि गुप्ता के निर्देशन में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के.के.शिवहरे ने 8 लोगों के अस्थाई अतिक्रमण हटाकर शासकीय भूमि पर जेसीवी मशीन से गहरी नाली खुदवा कर जमीन को सुरक्षित किया है।एसडीएम ने बताया कि उक्त आठों लोगों को पूर्व में नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने को भी कहा गया था परंतु लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तब प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि लोगों बार-बार अतिक्रमण कर लिया जाता है, इसलिए उक्त सर्वे नम्बर की भूमि पर नगर पालिका द्वारा शीघ्र ही वृक्षारोपण किया जाएगा।

अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार करेरा जी.एस.बैरवा, नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह जाटव, थाना करेरा पुलिस बल, राजस्व निरीक्षक, आधा दर्जन पटवारीगण, नगरपालिका का अमला की मौजूदगी में जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। अतिक्रमण किए गए लोगों में सनी खान पुत्र निसार खान, वीरेंद्र जाटव पुत्र रघुवर जाटव, प्रमोद पुत्र बाबूलाल, ओम प्रकाश साहू पुत्र रामसेवक साहू, राकेश जाटव पुत्र रघुवर जाटव, संजू बंशकार पुत्र चकोई बंशकार, राजकुमार सेन पुत्र तिज्जु राम सेन, ओमप्रकाश बाथम पुत्र पन्नालाल बाथम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण गुमटी रखकर की गई थी। कुछ ने टीनशेड डालकर व दीवार बनाकर भी अतिक्रमण किया गया था। सभी के अतिक्रमण मशीन द्वारा हटवाए गए व शासकीय जमींन पर गहरी नाली खुदाई गई। जिससे पीछे रहने वाले लोग आगे न बढ़ सके।

संडे नाइट ऑनलाइन रैपिड चेस चैंपियनशिप में कोलकाता के अनस्तूप विश्वास बने विजेता

शिवपुरी। रविवार को आर.के. मेमोरियल चेस एकैडमी शिवपुरी और ब्रैनवेव्स चेस क्लब मुंबई के संयुक्त तत्वधान में एक ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमे मीडिया से बातचीत के दौरान पवन वशिष्ठ ने बताया कि लगभग 3 घंटे चैंपियनशिप में देश के अलग-अलग राज्यों के 364 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कोलकाता के अनस्तूप विश्वास और तमिलनाडु के इंटरनेशनल मास्टर हरिकृष्णा एआर का कांटे का मुकाबला देखने को मिला जो बराबरी पर छूटा दोनों के समान अंक थे। लेकिन प्रोग्रेसिव अंक ज्यादा होने के कारण अनस्तूप विश्वास विजेता बने तो वही हरिकृष्णा एआर को दूसरा स्थान से संतोष करना पड़ा। तीसरा स्थान परभणी महाराष्ट्र से विशाल राऊत को मिला जो मूकबधिर है। एंटी चीटिंग आर्बिटर अंशु सिंह मुंबई रहे। जिन्होंने 48 घंटे के बाद परिणाम दिया यह निशुल्क टूर्नामेंट यूट्यूब पर भी सीधा प्रसारण फिडे अरेना ग्रैंड मास्टर रुपेश भोगल के द्वारा दिखाया गया । साथ ही बताया कि एक से दस नकद पुरस्कार और 11 से 20 तक पीडीएफ प्रदान की गई इसके अतिरिक्त सभी 20 विजेताओं को ई -सर्टिफिकेट दिया गया । कपिल पवार ब्यावर चेस क्लब राजस्थान ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है। जिन्होंने इस सफल टूर्नामेंट में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दूरसंचार वाहिनी आईटीबीपी ने किया पौधारोपण

शिवपुरी।

दूरसंचार वाहिनी आईटीबीपी द्वारा हरित अभियान के तहत बुधवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर राजीव लोचन शुक्ल उप महानिरीक्षक दूरसंचार वाहिनी के निर्देशन में विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय के परिसर में 300 पौधों का पौधारोपण किया गया पौधारोपण का शुभारंभ राजीव लोचन शुक्ल उप महानिरीक्षक, डॉ. अक्षय कुमार निगम डीन मेडीकल कॉलेज, डॉ. केवी वर्मा, डॉ. पंकज शर्मा द्वारा किया गया। पौधारोपण के दौरान डॉ. मानबहादुर, डॉ. रितेश यादव, डॉ. आनंद रोखड़े, डॉ. राजेश अहिरवार, डॉ. रविकिरन, डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रेमचंद सहित मेडीकल कॉलेज एवं वाहिनी के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राजीव लोचन शुक्ल ने कहा कि आज विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है, इसे लोगों में प्राकृतिक स्त्रोतों केसंरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है, साथ ही प्राकृतिक संरक्षण के महत्व को भी बताया।

भिंड के युवक ने शिवपुरी के लोगों को ठगा, नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को लगाया लाखों का चूना



शिवपुरी। देश मे नौकरी के नाम पर ठगी होने के मामले आये दिन सामने आते हैं जिसके चलते लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं। जिनको प्रशासन द्वारा हमेशा हिदायत दी जाती है कि कभी भी किसी के झांसे में न आएं लेकिन ठगों की बातों में आकर लोग उनके जाल में फस जाते हैं और उन्हें पैसा दे देते हैं। ऐसा ही एक मामला शिवपुरी जिले की पिछोर तहसील का है। जहां एक बेरोजगार युवक भी नौकरी के नाम पर ठगी का शिकार हो गया।जानकारी के अनुसार मंगलवार को बेरोजगार युवक सतीश लोधी ने एक शिकायती आवेदन पिछोर थाने में दिया जिसमें उल्लेख किया गया कि पूर्व में जिले में विद्युत विभाग में काम करने वाली थर्ड आई कंपनी का कर्मचारी बलबीर नरवरिया पुत्र रामसिंह निवासी उद्न्नखे?ा तहसील अटेर जिला भिंड के व्यक्ति जो खुद को कम्पनी में सुपरवाइजर बताता था। उसने शिकायतकर्ता सतीश लोधी को विद्युत विभाग में नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर 1 लाख रुपये ऐंठ लिए। सतीश का कहना है कि बलबीर नरवरिया ने कहा था कि आपको सिक्योरटी के लिए 1 लाख रुपये जमा करना होंगे जो बाद में आपको बापस कर दिए जाएंगे जिसके बाद सतीश ने बलबीर के खाते में 31 अगस्त 2020 को 30 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रासंफर कर दिए तथा 70 हजार रुपये वीरन लोधी निवासी जराय के सामने शिवपुरी में नगद दे दिए जिसके बाद सतीश को फर्जी तरीके से तीन महीने के लिए नौकरी पर भी रख दिया लेकिन उसको ना तो कोई सैलरी दी गई और न ही उसके सिक्योरटी के नाम पर जमा पैसे लौटाए वहीं जब सतीश ने बलबीर से पैसे लौटाने की बात कही तो टालता रहा और कुछ दिनों बाद शिवपुरी छो?कर भाग गया। सतीश का कहना है कि मैं पैसों के लिए जब भी बलबीर से बात करता हूँ तो जान से मारने की धमकी देता है। वो कहता है कि मेरे अच्छे अच्छे लोगों से सम्बन्ध है तू शांत रहना अन्यथा तुझे अपनी जान से हाथ धोना प?ेगा। बता दें कि पूर्व में भी फिजिकल थाने में हरिराम ओझा नाम के व्यक्ति ने बलबीर नरवरिया की शिकायत की थी जिसके बाद उक्त व्यक्ति के रुपये रातों रात लौटा दिए थे।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये रेडिएन्ट कॉलेज में रोजगार मेला 30 जुलाई से

शिवपुरी।

आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी एवं रेडीएंट आईटीआई कॉलेज द्वारा युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध करवाने हेतु दिनांक 30 एवं 31 जुलाई को प्रातः10 बजे से दोपहर 3ः30 बजे तक महल रोड पर स्थित रेडीएंट आईटीआई कॉलेज मे दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव मे कुछ कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे शेष वर्चुअल माध्यम से साक्षात्कार प्रक्रिया सम्पन्न करेंगे। प्लेसमेंट ड्राइव मे स्वाती ग्रुप, एस्कलैट टेक इंडिया, इंडिया निप्पॉन,एचआर फुट्प्रिन्ट, कॉसमॉस मैनपावर आदि नियोक्ता 10वीए 12वीए आईटीआई, पॉलिटेकनिक ,मेकेनिक,इलेक्ट्रॉनिक, एवं बी ई उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध करवाने हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित करेंगे। युवा अपने रिज्यूम एवं बायोडाटा तथा आधार के साथ उपस्थित हों। इसी तारतम्य मे दिनांक 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12ः30 बजे तक नियोजन पूर्व तैयारी कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमे युवाओं को बायोडाटा एवं कवर लेटर तैयार करना, फॉर्मल ड्रेसअप एवं साक्षात्कार की तैयारी कारवाई जाएगी,साथ ही जो युवा उद्यमी बनने या स्वयं का स्टार्ट.अप प्रारंभ करना चाहते हैं उनकी सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए 29 जुलाई को ही 3 बजे से स्टार्ट.अप गाइडेंस एवं उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने के लिए दी गई लिंक पर रजिस्ट्रेशन करें। https://docs.google.com/forms/d/e/vFAIpQLSeA~Yesqq®izgZIsNSx®OyjDzqfhkyzLIkl yeyYa®G-csGtyg/viewform

समस्त रोजगारोन्मुखी गतिविधियों मे भाग लेने के लिए मास्क पहनना एवं सोशल डिस्टेंसिन्ग का पालन करना अनिवार्य है।

लगातार बारिश से अधिकांश वार्ड जलमग्न

अम्बाह। एक रात की बारिश में ही पूरा शहर जलमग्न हो गया है बीती रात से आज सुबह तक हुई लगातार बारिश के कारण स?कों पर भी पानी एकत्र हो गया। लगातार वर्षा से एमएलडी कॉलोनी, गुरुद्वारा मोहल्ला, राठौर कॉलोनी, मुरैना तिराहा, पोरसा चौराहा, नगरपालिका चौराहा,जग्गा रो?, पूठ रो? समेत अधिकांश वार्ड प्रभावित हुये है। बारिश का पानी लोगों के घर में घर में घुसने लगा है। स्थानीय लोगों को जलमग्न रास्ते से होकर ही अपने काम के लिए जाना प? रहा है। इस बरसात की मौसम में पहली बार शहर के चारों तरफ पानी ही पानी नजर आया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर की जल निकासी व्यवस्था काफी खराब है। कई वार्डो में नाला बनाया गया है। इसके बावजूद जल निकाली की व्यवस्था जस की तस है। जोरदार बारिश होने पर पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। वाहन तो दूर की बात है, लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत अधिसूचित फसलों की बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

शिवपुरी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला स्तर पर उ?द एवं मूंग तथा तहसील स्तर पर ज्वार, कोदो कुदकी, मूंगफली, तिल, कपास तथा पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर बीमित फसलें अधिसूचित की गई है। इच्छुक कृषक खरीफ 2021 में अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई 2021 करा सकते है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया कि खरीफ मौसम में अधिसूचित फसलों के बीमा के लिए कृषक भाईयों को सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। शेष प्रीमियम राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। जो ऋणी कृषक भाई अपनी फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते हैं। वे संबंधित बैंक में लिखित में आवेदन कर निर्धारित प्रपत्र भरकर योजना से बाहर जा सकते है। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और काश्तकारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा आच्छादन प्राप्त करने हेतु पात्र है। यह योजना सभी कृषकों हेतु स्वैच्छिक की गई है। अल्पकालीन फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जायेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा, बैंक, लोक सेवा केन्द्र एवं कार्यरत बीमा कंपनी अधिकृत एजेंट के माध्यम से करवा सकते है।

सावन माह शुरु होते ही इन्द्र देव दिखा रहे रूद्र रूप, चंहुओर शहर में बाढ़ जैसे हालात

नगर पालिका प्रशासन नाले-नालियों की सफाई कराने में हुआ फैल, गली-मोहल्ले हुए जलमग्न, पानी निकाली के नहीं प्रबंध

भिण्ड। सावन माह शुरु होते ही इन्द्र देव भगवान ने अपना रूद्ररूप दिखाना शुरु कर दिया है दो दिन से लगातार बरसात होने से शहर में चहुओर जल भराव की स्थिति बन रही है और लोग घरों में कैद हो गये है। नाले-नालियों की सफाई के लिए नगरीय प्रशासन द्वारा कई दावे किये जा रहे थे, जो फैल होते नजर आ रहे हैं। जिलेभर में पिछले 24 घंटे से अच्छी बारिश हो रही है। यह बारिश ने जिला प्रशासनिक अफसरों की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। शहर के तीन दर्जन कॉलोनी व मोहल्ले, गली-कूचे जलमग्न हो गये है। इन लोगों के घरों में बारिश का पानी हिलोरें मार रहा है। लोगों के घरों को जलमग्न होता देख जिला प्रशासन के हाथ पैर फूल गए है। हर छोटे-बड़े कस्बे, नगर और गांव में पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश ने सभी जगह तबाही मचाकर रख दी है। जल निकासी के लिए कहीं भी प्रबंध नहीं है नाले-नालियां उफान मा रहे हैं बरसात का पानी लोगों के घरों मं घुस रहा है तो अफसर अब आनन-फानन में जेसीबी चलवाकर नाले-नालियों का मलवा निकालने में जुट गये है, फिर भी जल भराव से शहर में निजात नहीं मिल रही है।

अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे पर दिख रहा सकून

बारिश की सुहानी बूंदों में बच्चे और बडे अटखेलियां करते नजर आ रहे है। वहीं, सबसे ज्यादा सकून किसानों के चेहरे पर दिखाई दे रहा है। अच्छी बारिश से उन्हें अच्छी फसल पैदावार की उम्मीद जागती दिख रही है। बारिश के चलते लोगों ने छतरी, रैन कोट को निकाल लिया है। बारिश की वजह से शहर की अधिकांश सडकें पानी से लबालब हो रही है।

सरकारी परिसर भी हुए जलमग्न

शहर के कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, नगर पालिका, जल संसाधन विभाग, जिला अस्पताल, कॉटनजीन, शासकीय क्रमांक स्कूल नं.1 व 2, जिला पंचायत भवन, डाइट कॉलेज, आईटीआई, बिजली घर वार्टर वक्स आदि इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक सहित स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा आगनबाड़ी केन्द्र आदि दो दिन में लबालब हो गये। सरकारी कर्मचारियों को जलमग्न परिसर से होकर गुजरना पड़ रहा है, जब सरकारी विभागों में ही बरसात का पानी हिलोर मार रहा है तो अन्य जगह कैसे हालात होंगे, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है।

शहर के कॉटन जीन में अफसरों ने किया निरीक्षण

जलभराव की खबरों को लेकर जिला प्रशासन के अफसरों की नींद टूटी। सुबह करीब साढे दस बजे नगर पालिका के अफसरों के साथ कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस जलभराव की स्थिति देखने के लिए निकले। उन्होंने, नगर पालिका अफसरों को सख्त निर्देश जारी किए। मौके पर जेसीबी मशीन बुलाकर जल निकासी के लिए रास्ते खुलवाए। इस दौरान नवादा भी डूब हुआ दिखा।

बुधवार को जिलेभर में हुई वर्षा

भिण्ड में 120 मिमी
अटेर में 183 मिमी
मेहगांव में 110 मिमी
गोहद में 16 मिमी
लहार में 22 मिमी
रौन में 45 मिमी, मिहोना में 40 मिमी
मौ में 60 मिमी गोरमी में 48 वर्षा दर्ज की गई है।

कलेक्टर ने शहर में जलभराव की समस्या के मद्देनजर नपा अधिकारियों की बैठक ली

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने नगर पालिका परिषद भिण्ड के सभागार में नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने ने अधिक वर्षा से जलभराव की समस्या के मद्देनजर एलर्ट मोड पर रहने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी एवं नपा का अमला उपस्थित था। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि जिले में भारी वर्षा की संभावनाओं के मद्देनजर जिले के समस्त संबंधित अधिकारी, नगरपालिका अमला एलर्ट मोड पर रहे। जहां अतिक्रमण के कारण जलभराव की स्थिति निर्मित हो, वहां अतिक्रमण तत्काल हटाए जाएं। ताकि शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो और जलभराव निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने निर्देशित किया कि ऐसे पुल-पुलिया जहां से वर्षा जल तेज बहाव के साथ ओवर फ्लो हो रहा हो, तत्काल साफ सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाने के दौरान व नाले सफाई में निकले मलवे को तत्काल हटाया जाए।

90 स्थानों पर लगेगी कोवीशील्ड वैक्सीन

भिण्ड।

90 स्थानों पर लगाई जायेगी कोवीशील्ड वैक्सीन जोकि सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित सत्र स्थलों पर कोवीशील्ड वैक्सीन लगाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड डॉ. अजीत मिश्रा द्वारा आम जनता से अपील की है कि वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से कोवीशील्ड वैक्सीन का प्रथम एवं द्वितीय डोज लगवाऐं। भिण्ड शहरी अर्बन के 05 सत्र स्थल विक्रमपुरा, आई वार्ड जिला चिकित्सालय भिण्ड, व्यापार मंडल धर्मशाला, तथा सिविल डिस्पेंसरी एवं भवानीपुरा एवं विकासखण्ड स्तर के 85 सत्र स्थलों पर वैक्सीनेशन किया जायेगा।

विश्व हैपेटाईटिस दिवस पर चला हस्ताक्षर अभियान

जिला जेल भिण्ड में हैपेटाईटिस बी एवं सी निदान शिविर का हुआ आयोजन

भिण्ड । विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में हेपेटाईटिस बी एवं सी निदान शिविर का आयोजन उप जेल भिण्ड में जिला वायरल हैपेटाईटिस नोडल अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा की निगरानी में किया गया। जहां आज 145 कैदियों की हैपेटाइटिस बी एवं सी की स्क्रीनिंग की गई। तथा जरूरतमंद कैदियों को दवा का वितरण किया गया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय भिण्ड में विश्व हैपेटाईटिस दिवस के उपलक्ष्य में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य जनसाधारण में हैपेटाईटिस सम्बंधी जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा ने बताया कि विश्व में लगभग 4 करोड़ से अधिक हैपेटाईटिस से प्रभावित रोगी हैं। इसका प्रमुख कारण हैपेटाईटिस बी एवं सी असुरक्षित सिरंज के उपयोग से एवं हैपेटाईटिस से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के शिशुओं को हो सकता है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल गोयल ने बताया कि हैपेटाइटिस ए एवं ई दूषित पानी एवं खाने से फैलता है। हम एवं हमारे बच्चे प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हैपेटाईटिस बी का टीकाकरण अवश्य कराएं। एवं हस्ताक्षर अभियान में सम्मलित होकर अपनी सहमति प्रदान करें।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लहार का हुआ स्थानांतरण

भिण्ड। शासकीय रविशंकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोला के प्राचार्य एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी लहार शैलेंद्र नाथ नीखरा का स्थानांतरण शासन के आदेशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला निवाड़ी के लिए हुआ है । श्री नीखरा द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लहार का उत्तरदायित्व 4 मार्च 2021 को ग्रहण किया था और इन पांच माह के कार्यकाल में लहार शिक्षा विभाग का कोई भी कार्य नही रुका और जिले में लहार विकासखंड हमेशा अग्रणी रहा है श्री नीखरा के द्वारा एक कुशल प्रशासनिक और योग्य अधिकारी के रूप बेहतरीन कार्य किया गया,नीखरा जी का कार्यकाल स्वर्णिम रहा, लहार के सभी शिक्षक साथी उनके कार्यकाल को हमेशा याद रखेंगे आपके कार्यकाल में एक ईमानदार अधिकारी की छवि रही आपके द्वारा विभाग की सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया है चाहे बह वित्तीय हो या शैक्षणिक, नीखरा जी को लहार शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से शुभकामनाएं दी।

पिछड़ा वर्ग को आरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन

भिण्ड। लहार विधानसभा में युवा मोर्यवशी स्वाभिमान समिति के आव्हान पर बुधवार को ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर एवं अन्य मांगों लेकरओ बी सी समाज द्वरा लहार के एसडीएम आर ए प्रजापति को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुख्य रूप से ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण पर मध्यप्रदेश हाई कोर्ट द्वारा लगाई रोक पर नया कानून बना कर आरक्षण दिए जाने, नीट में 27 प्रतिशत आरक्षण किये जाने, की बात कही गयी, ओबीसी जन संघर्ष समिति द्वरा, मिहोना और रौन में भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालो मे कंनछेदी लाल बघेल एडवोकेट, शिवचरण कुशवाह वरिष्ठ समाजसेवी, नाथूराम कुशवाह एडवोकेट, गोपीलाल कुशवाह एडवोकेट, बाबूलाल कुशवाहा एडवोकेट, श्याम सिंह कुशवाह वरिष्ठ समाज सेवी, नरेशसिंह बघेल एडवोकेट, जितेन्द्र जारतोलिया, रामकुमार शिवहरे, अखलेश कुशवाह (जिला सचिव मोर्यवशी समिति), धर्मेन्द्र कुशवाह, विधानसभा अध्यक्ष लहार युवा मोर्यवशी समिति, सुरेश कुशवाह, ज्ञान सिंह कुशवाह, राहुल सकोरिया नगर अध्यक्ष मोर्यवशी समिति, आनंद शिवहरे, एडवोकेट देवेंद्र जितेंद्र जरतौलिया एडवोकेट, महावीर सिंह, अखण्डप्रताप सिंह कुशवाह एडवोकेट, रविंद्र कुशवाह, सुनील कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं एसपी ने क्वारी नदी के खार में डूबे बालको के घर पहुंचकर परिजनों को दी सांत्वना

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने ऊमरी थाना अंतर्गत ग्राम स्योंढा के क्वांरी नदी के खार में डूबे दो बालको के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही कलेक्टर एवं एसपी ने परिजनों को प्रशासन द्वारा उचित मदद करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी मनोज कुमार सिंह ने क्वांरी नदी पर पहुंचकर रेस्क्यू कर रही टीम से भी चर्चा कर स्थिति को देखा और रैस्क्यू टीम को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चंबल संभाग में 580 बीजों के नमूने जांच हेतु लिये गये

भिण्ड । घटिया अमानक बीज के विक्रय को रोकने के लिये शासन की योजना के तहत खाद, बीज विक्रेताओं से सेम्पल लेकर अमानक स्थिति की जांच करायी जाती है। इसी योजना के तहत चंबल संभाग में 580 बीजों के नमूने जांच हेतु एकत्रित किये गये। इनमें से 21 नमूने अमानक पाये गये है। आयुक्त चंबल संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चालू माली साल के दौरान चंबल संभाग के तीनों जिलों से 580 बीजों के सेम्पल एकत्रित कर उन्हें जांच के लिये प्रयोगशालाओं में भेजा गया था। जांच के उपरांत 21 बीज अमानक पाये गये, इनमें से 7 बीज विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन निलंबित किये गये। 6 व्यवसायियों के रजिस्ट्रेशन निरस्त किये और एक व्यवसायी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। भिण्ड जिले में 178 बीज जांच के लिये एकत्रित किये गये, सभी को प्रयोगशाला में भेजा गया, इनमें से 8 बीज अमानक स्तर के पाये गये, अमानक बीज पाये जाने पर 5 बीज विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन निलंबित किये गये और एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

ट्रक-ऑल्टो की जोरदार टक्कर, युवक की मौत

एनएच-92 मालनपुर में भदौरिया होटल के पास घटित हुआ हादसा, चालक मौके से हुआ फरार

भिण्ड। मालनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-92 हाइवे पर स्थित भदौरिया होटल के सामने से एक अल्टो कार चालक गुजर रहा था, इसी दौरान सामने से ट्रक ड्राइबर ने जोरदार टक्कर मार दी और कार के परखर्चे उड़ गये। हादसा इतना भीषण था कि चालक कार चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। घटना की सूचना पुलिस को मिलते मौके पर पहुंचे और कार से मृतक की लाश को निकालने में करीब 2 घंटे लग गये, तब जाकर बड़ी मशक्कत से शव को बाहर निकाला गया और हादसे की सूचना तुरंत परिजनों की दी गई, जिसके बाद दोपहर तक परिजन अस्पताल पहुंचे और शव का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया। वहीं आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है और ट्रक को लाकर थाने में रखवाया गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार-बुधवार की रात 4.15 बजे संग्राम दुबे पुत्र राम कृष्ण दुबे उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 35 इटावा रोड जोशी नगर जो भिंड से रात को किसी काम के लिए ग्वालियर जा रहा था, इसी दौरान मालनपुर में स्थित भदौरिया होटल के सामने ग्वालियर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी86डी9848 के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी, कार चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने तुरंत हादसे की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंचकर कार में फसे युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी और ट्रक ड्राइबर वाहन छोड़कर रात का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया वहीं आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरु कर दिये हैं।

विश्व हैपेटाईटिस दिवस पर चला हस्ताक्षर अभियान एवं जिला जेल भिण्ड में

हैपेटाईटिस बी एवं सी निदान शिविर का हुआ आयोजन

भिण्ड। ''विश्व हेपेटाइटिस दिवस'' के उपलक्ष्य में हेपेटाईटिस बी एवं सी निदान शिविर का आयोजन उप जेल भिण्ड में जिला वायरल हैपेटाईटिस नोडल अधिकारी डॉ. देवेश शर्मा की निगरानी में किया गया। जहां आज 145 कैदियों की हैपेटाइटिस बी एवं सी की स्क्रीनिंग की गई। तथा जरूरतमंद कैदियों को दवा का वितरण किया गया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय भिण्ड में विश्व हैपेटाईटिस दिवस के उपलक्ष्य में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य जनसाधारण में हैपेटाईटिस सम्बंधी जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा ने बताया कि विश्व में लगभग 4 करोड़ से अधिक हैपेटाईटिस से प्रभावित रोगी हैं। इसका प्रमुख कारण हैपेटाईटिस बी एवं सी असुरक्षित सिरंज के उपयोग से एवं हैपेटाईटिस से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के शिशुओं को हो सकता है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल गोयल ने बताया कि हैपेटाइटिस ए एवं ई दूषित पानी एवं खाने से फैलता है। हम एवं हमारे बच्चे प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हैपेटाईटिस बी का टीकाकरण अवश्य कराऐं। एवं हस्ताक्षर अभियान में सम्मलित होकर अपनी सहमति प्रदान करें।

संसद बाधित न हो

एक समय संसद का सत्र देश की जनता की समस्याओं पर चर्चा करने, नीतियां बनाने और देश की प्रगति में बाधा बने कानूनों की समीक्षा के लिए होता था, मगर अब सिर्फ बहस और सरकार को कैसे काम करने से रोकना है, यह विपक्ष का मूल उद्देश्य हो गया है। संसद के मानसून सत्र के दौरान पहले दिन से विपक्ष का जो रवैया है, वह सही नहीं है। किसानों के मुद्दे पर सरकार एक ही 12 बार बात कर चुकी है। समाधान निकलना होता तो तभी निकल जाता। पेगासस जासूसी कांड पर जब आईटी मंत्री तक कह चुके हैं कि किसी का फोन टेप नहीं हुआ, तो नहीं हुआ। बेवजह का बखेड़ा खड़ा कर संसद को बाधित करना गलत है। संसद में बैठे माननीयों को यह समझना होगा कि एक दिन के सत्र पर लाखों रुपया खर्च होता है। यह पैसा जनता की गाढ़ी कमाई से आया है। जनता के पैसे की इस तरह से बर्बादी ठीक नहीं है। विडंबना यह है कि अब न केवल देश की संसद में, बल्कि राज्यों के सदनों में भी जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श कम और सरकार के समर्थन और विरोध में टकराव और हंगामा एक मुख्य गतिविधि बन कर रह गई है। लगभग हर राज्य का आलम एक ही है। अगर संसद या विधानसभा सत्र का मकसद सिर्फ हंगामा रह जाएगा, तो फिर जनता के हितों की कौन सोचेगा। संसद के मौजूदा सत्र में जिस तरह का हंगामा देखने में आ रहा है, वह सही नहीं है। विपक्ष जहां कृषि कानूनों के विरोध और पेगासस के संदर्भ में निशाने पर रखे गए लोगों की जासूसी और अन्य मुद्दों पर सरकार का विरोध कर रहा है, वहीं सरकार की इन मसलों पर अपनी राय है। सवाल है कि क्या संसद बाधित होने से किसी विवाद का समाधान निकल सकता है? जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का दायित्व है, मगर सदन के भीतर भी विरोध का स्वरूप अगर केवल हंगामा हो जाए, तो ऐसे में कौन किससे जवाब ले सकेगा? बेशक विपक्ष यह दावा कर सकता है कि वह जिन मुद्दों पर विरोध जता रहा है, उस पर सरकार का पक्ष स्पष्ट होना इसलिए जरूरी है कि ये व्यापक जनहित से जुड़े मामले हैं। नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन लंबे समय से चल रहा है और उस पर सरकार ने अब तक कोई ठोस हल निकालने में रुचि नहीं दिखाई है, वहीं हाल में पेगासस के जरिए निगरानी और जासूसी के जिस मामले का खुलासा हुआ है, वह नागरिक स्वतंत्रता और निजता को बाधित कर सकता है। ये गंभीर मसले हैं, जिन पर सरकार कठघरे में है और उसे देश की जनता के सामने वस्तुस्थिति को साफ रखना चाहिए। लेकिन यह सदनों में केवल शोर-शराबे या हंगामे संभव नहीं हो सकेगा। निश्चित रूप से विपक्ष को पेगासस मामले की व्यापक और उच्चस्तरीय जांच पर जोर देना चाहिए और कृषि कानूनों पर किसानों को आश्वस्त करने लिए सरकार की ओर से पहलकदमी की मांग करनी चाहिए। इसके बजाय सदन को बाधित करने से किस मसले का हल निकल जाएगा? जबकि सदन इसीलिए है कि वहां व्यापक जनहित से जुड़े मुद्दों को रखा जाए, उन पर विचार किया जाए और उनका दीर्घकालिक समाधान निकाला जाए। जनता अपने जनप्रतिनिधियों को इसीलिए वहां भेजती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी सदन की एक दिन की कार्यवाही पर कई लाख रुपए खर्च होते हैं। जाहिर है, यह राशि जनता द्वारा चुकाए जाने वाले उन करों के मद में से निकाली जाती है, जिन्हें जनहित और विकास कार्यों पर खर्च होना चाहिए। सभी सांसदों या जनप्रतिनिधियों को किसी मुद्दे पर अपने विचार अभिव्यक्त करने का संवैधानिक हक है। बल्कि सदनों में समर्थन और विरोध से जुड़ी गतिविधियां समूचे तंत्र के संचालन का हिस्सा और लोकतंत्र की खूबसूरती हैं। लेकिन इनका कोई ठोस हासिल होना चाहिए। दूसरी ओर, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगर वह व्यापक प्रभाव वाली कोई नीति बनाती है, तो उसमें संसद के सभी सदस्यों, पक्ष-विपक्ष को भागीदार बनाया जाए, न कि कोई फैसला लेने और लागू करने के बाद सदनों को औपचारिक सूचना भर दे दी जाए।

भिंड,मुरैना, ग्वालियर की चर्चित भाषा मूर्ख (चूतिया)और चिंता मे छुपे हुए रहस्य

सच का आईना

मनुष्य जीवन की उत्पत्ति अनेक घटनाओं से भरी होती है । प्रत्येक घटना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आपको कहीं ना कहीं किसी रूप में संकेत देती है। चाहे वह राजनीति रूप से, आर्थिक ,सामाजिक या फिर दार्शनिक रूप से इन्हीं सब से मिलकर वर्तमान स्वरूप हमारा निर्मित होता है। ऐसी ही कुछ संकेत देने वाली घटना मेरे जीवन में हुई। मुझे क्या पता था कि आज मुझे आत्म साक्षत होने वाला है? वह भी मेरे परम मित्र के द्वारा बरसों के बाद मुलाकात हु थी। मेरे मित्र ने मेरा भव्य स्वागत किया और एक लंबी यात्रा पर हम दोनों निकल गए। मैं यहां आप सभी को यह भी बताना चाहूंगा कि मेरी मित्र मंडली ज्यादातर मध्य प्रदेश सरकार या फिर केंद्र सरकार में उच्च पदों पर पदस्थ है। मैं तो तब भी आवारा था, आज भी आवारा हूं। लेकिन मेरा सौभाग्य है कि मेरे मित्रों ने सदैव मुझे अपने जीवन का एक अभिन्न अंग समझा । बस यही कारण है कि तमाम समस्याओं के होते हुए भी, मैंने प्रत्येक रास्ते को बड़े सहज तरीके से समाप्त किया हैं, तो यहां पर चर्चा मे मैं अपने मित्र के साथ एक लंबी यात्रा पर निकलने जा रहा हूं । हम दोनों की यात्रा एसी टू टायर के कंपार्टमेंट में है, एक दूसरे के आमने सामने बैठ कर चल रही थी ।लेकिन जब मेरे मित्र ने इस विषय (चूतिया और चिंता) पर चर्चा की तो ट्रेन की यात्रा मुझे शुरुआत दौर में तो बड़ी जटिल लगने लगी। ÷हे राम÷ आज मैं कहां! फस गया । लेकिन मुझे नहीं पता था कि यह यात्रा मेरे जीवन के लिए भविष्य में अनमोल होने वाली। क्योंकि ज्ञान आपको किसी के माध्यम से भी मिल सकता है। जब आपका मित्र मार्गदर्शक बन जाए ,तो कुछ बात ही अलग है । मेरे मित्र ने कहा कि पता है तुम्हें, दुनिया में ज्यादातर लोग चूतिया और चिंता के तरीके के होते हैं ,तो मैंने भी मजाक में पूछ लिया उन्हें कि भाई मैं किस प्रकार का हूं ,तो उन्होंने हंसकर कहा कि तुम अभी तक अपने आप को समझ नहीं पाए, मैंने कहा नहीं यार, मैंने भी हंसकर कह दिया शायद ,तुम्हारे द्वारा ही मुझे जीवन का ज्ञान मिल जाए । सुनो दोस्त, तुम बहुत बड़े चूतिया हो, इसलिए सदैव चिंता में डूबे रहते। शुरुआत में उन्होंने इस प्रकार के शब्द कहे तो मुझे तो थोड़ा सा आक्रोश आया, लेकिन मैं उनकी बात को नकार नहीं सकता था । क्योंकि वह मध्य प्रदेश सरकार में उच्च पद पर बैठे हुए, शाहिद बुरा ना मान जाएं, तो मैंने कहा कि चलो तुम ही मुझे समझाओ ? क्योंकि तुमसे ज्यादा मुझे कोई समझ नहीं सकता। बचपन से हम सभी लोग साथ में रह रहे हैं। तो उन्होंने कहा, मैं तुम्हें शुरुआत से ही जानता हूं ,तुम बहुत बड़े चूतिया रहे हो। अन्यथा तुम वर्तमान जिस प्रकार का जीवन जी रहे हो, यह तुम्हार चूतियापा के कारण हुआ है ,अन्यथा तो तुम आज एक उच्च पद पर बैठे होते, बड़ा

मकान होता, तुम्हारे पास गाड़ी घोड़ा होते, बैंक बैलेंस होता अन्य तमाम सुविधाओं से संपन्न होते जो तुम्हारे जीवन को वर्तमान परिवेश के तरीके से बनाती है। तुम्हारी स्थिति किसी भिखारी से ज्यादा अच्छी नहीं है। तुमने कभी देखा है ,तुम मुझे फोन लगाते हो, या फिर तुम मुझसे मिलने आते हो तो मैं कभी तुम्हें मिलता भी नहीं हूं , ना तुम्हारा फोन कभी रिसीव करता हूं। फिर भी नहीं समझ पाते कि तुम कितने बड़े चूतिया हो। तुम सदैव गलतियां करते रहते हो इन्हीं कारणों से चिंता उत्पन्न होती है

दोस्त की चर्चाओं से ऐसा महसूस होने लगा। जैसे मैं ÷रेगिस्तान के जैसलमेर में 60 टेंपरेचर÷ में बैठा हुआ हूं । मेरे दिमाग के अंदर हथौड़े से चलने लगे, ऐसा महसूस होने लगा कि मैं ट्रेन से कूद कर भाग जाऊं, जो मेरा मित्र मुझे वास्तविक आईना दिखाना चाह रहा है। जबकि एसी कंपार्टमेंट का ठंडा होने के बाद ही मेरे शरीर के रोम-रोम से पसीने की धार मची हुई थी। अन्य यात्री कंबल ओढ़े हुए बड़े तरीके से अपने आप से या फिर एक दूसरे से चर्चाओं में संलग्न थी। लेकिन मुझे ऐसा महसूस होने लगा कि अब मैं क्या करूं और मैं कहां फस गया ,लेकिन यहां हर घटना कुछ ना कुछ संकेत लेकर आती है। वही शायद मेरे मित्र के द्वारा मुझे आज आत्म साक्षात होने वाला था, तो मैं भी चुपचाप होकर ,सहनशीलता से सुनने लगा। क्योंकि उसके अलावा मेरे पास कोई उपाय नहीं था, विरोध भी कर नहीं सकता था कि मेरी स्थिति हर तरीके से दयनीय थी। सामने बैठे व्यक्ति की स्थिति काफी मजबूत थी। वैसे मेरा मित्र हृदय से बुरा नहीं है। लेकिन इन शब्दों की वजह से मेरा दिमाग में हलचल होने लगी । मुझे अपना दोस्त सिकंदर और पोरस की की तरह दिखाई देने लगे कि क्रांतिकारी सोच को दबाए हुए मैं अपने मित्र के सामने बैठा था और धैर्य से उनके एक-एक शब्दों को आत्मिक साक्षात करने का प्रयास कर रहा था। फिर मैंने अपने दोस्त से कहा कि यार मुझे तुम बिंदुओं के साथ से समझाओ क्योंकि तुम्हारी संपूर्ण व्याख्या, मेरी समझ में नहीं आ रही जो इसस प्रकार दोनों के बीच में चर्चा हुई-

1- जो दूसरों से प्रेम करते हैं, वह सदैव चूतिया होते हैं। इसलिए चिंता में डूबे रहते है।

2- सदैव अपने लिए सोचो ना कि दूसरों के लिए।

3- झूठ बोलना एवं धोखा देना सीखो।

4- संसार के सारे संबंध सफलताओं पर निर्मित है, ना कि भावनाओं पर अगर, आपके पास अर्थ और पद नहीं है, तो निश्चित रूप से आप उन लोगों से अलग हो जाएं जोकि आप से आगे निकल गए अन्यता दुनिया आपको चूतिया कहने लगेगी।

5- जंजर लोगों के फोन रिसीव मत करो।

6- सफल लोगों की चापलूसी करना सीखो।

7- यह दुनिया स्वार्थी है अपना काम निकालना सीखो अन्यथा लोग तुम्हें जूतियां कहने लगेंगे । जब दुनिया तुम्हें इस नाम से संबोधित करेगी तो निश्चित रूप से तो तुम्हें कहीं ना कहीं चिंता के समुद्र में डूब ना पड़ेगा।

8- स्वाभिमान को त्याग दो।

बरसों से छाया हुआ अंधेरा, मेरा धीरे-धीरे छटने लगा। जिस प्रकार से रात के खत्म होने के बाद सूरज की पहली किरण निकलती है। उसी तरीके से आज बरसों के बाद मेरे जीवन में ज्ञान की पहली धारा ने प्रवेश किया। मुझे महसूस होने लगा कि वास्तव में मैं एक बहुत बड़ा चूतिया हूं। इसी कारण मैं सदैव सबसे सच्चा प्रेम करता हूं, इमानदारी दिखाता हूं, दूसरों के लिए तत्परता करता हूं, दूसरों की परेशानी अपनी परेशानी समझता। अंत में यही कहना चाहूंगा कि जिस कंपार्टमेंट में हम दोनों बैठे हुए हैं। उस कंपार्टमेंट की ठंडक मुझे महसूस होने लगी, दिमाग भी स्तिर हो गया ,जो अंदर एक युद्ध चल रहा था, उसमें ठहराव आने लगा। महसूस होने लगा कि मेरे सामने वाली कुर्सी पर बैठा हुआ, कोई दुश्मन नहीं है, मेरा एक हिस्सा है। जिसने मुझे आज वास्तविक आईना दिखाया है। अगर यह घटना ना घटी होती तो शायद मैं इस प्रकार का गलतियां करता रहता। मेरा शेष जीवन इसी तरह निकल जाता। मैं अपने मित्र को बार-बार दंडवत करता हूं , परम पिता परमेश्वर से यही प्रार्थना करूंगा, इस प्रकार के मित्र सभी को मिले, जो समय समय पर अपने शुभचिंतकों को ज्ञानवर्धक रास्ता दिखाएं ,आत्म साक्षात कराएं। जय हो मित्र मंडली की, जय हो दोस्तों की, जय हो वर्तमान परिवेश की।

रेलगाड़ी धीरे-धीरे छुक छुक करते हुए रुकने लगी ।अब महसूस होने लगा स्टेशन आ चुका है। निश्चित ही स्टेशन पर अब हम दोनों के बिछड़ने का समय आ गया है। ट्रेन स्टेशन पर आकर रुक गई तो हम दोनों अपने अपने अलग रास्ते पर जाने लगे। मेरे दोस्त की एक लग्जरी गाड़ी ड्राइवर के साथ बाहर इंतजार कर रही थी। मेरा वही तीन पहिया वाला टेंपो, जिसमें मुझे बैठ कर अपनी झोपड़ी तक पहुंचना था । यहां पर सभी को एक और बताना चाहूंगा कि अंत में मेरे दोस्त ने मुझे ?500 दिए क्योंकि उन्हें पता था की यह चूतियां है ,शायद इसकी जेब में किराए के लिए रुपए भी नहीं होंगे। बचपन के दोस्त हैं तो एक दूसरे को समझते हैं। हम दोनों की यात्रा अलग अलग होना शुरुआत हो गई। यह चिंतन करने के लिए मजबूर हो गई कि अभी तक जो जीवन मेरा निकला, क्या वह ज़ीवन सार्थक है, अंत में यही निष्कर्ष निकला, शेष जीवन चूतिया और चिंता मे ही निकलना चाहिए । इसमें जो रस है, वह अनंत है। जिसकी कोई सीमा नहीं है ,अच्छा दोस्तों चूतिया और चिंता में ही बने रहना चाहिए ना कि स्वार्थों की सीढ़ियां लगाकर महल बनाना चाहिए।

वर्तमान परिवेश कहा जाए या फिर पश्चात संस्कृति, 20 वर्षों से जिस प्रकार से मनुष्य के जीवन में परिवर्तन हुआ है, सोच को विकृत किया है, वह निश्चित रूप से विचारणीय है। क्योंकि यहां पर प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे को चूतियां समझ रहा है। चाहे वह अधिकारी वर्ग हो, दोस्तों के बीच का मामला ,परिवारिक मामला या फिर राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक। यह मसला इस समाज को ले जाकर कहां पर खड़ा करेगा, यह तो वक्त ही बताएगा। रहा सवाल चिंता की बात तो मनुष्य जीवन मिला है तो निश्चित रूप से चिंता होना स्वाभाविक है उसे किसी भी तरीके से आप अपने जीवन से त्याग नहीं सकते। मनुष्य जीवन मे ही सोचने और समझने की क्षमता को परमात्मा ने विकसित किया है ना कि जानवरों में।

लेखक भीष्म सिंह भदौरिया
(लेखक का स्वयं का अनुभव)
(प्रिय मित्र को समर्पित)

राजनीतिक विद्वता के धनी थे अम्बरीश कुमार

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

कोई पद न होने पर भी उनकी राजनीतिक हैसियत कभी कम नही हुई।किसी भी दल में क्यों न रहे हो,लेकिन मित्रता हर किसी से रहती थी।जमीनी स्तर तक जनता से जुड़े रहना, उन्हें अच्छी तरह से आता था।किसी मंत्री,सांसद या विधायक के कार्यालयों जितनी कार्यकर्ताओ की भीड़ उनके कार्यालय पर भी बनी रहती थी।हरिद्वार के स्वाधीनता सेनानी परिवार में जन्मे अम्बरीश कुमार के राजनीतिक जीवन का एक लंबा इतिहास रहा है। अपने साथियों के लिए मर मिटने वाले अम्बरीश कुमार उत्तर प्रदेश विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक के पुरस्कार से भी सम्मानित हुए थे।सन 2019 में हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस टिकट पर उन्होंने चुनाव भी लड़ा था, लेकिन भाजपा प्रत्याशी डॉ रमेश पोखरियाल निशंक से हार गए थे। उनकी गिनती हमेशा एक दिग्गज नेता के रूप में होती रही। मुझे उनके लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हाई कमान की ओर से बतौर प्रवक्ता एबीपी न्यूज चैनल पर एक घण्टे की डीबेट में भाग लेने का अवसर मिला था।अम्बरीश कुमार अक्सर मुझे फोन कर ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते रहते थे।हरिद्वार के सदस्यता अभियान के प्रभारी के रूप में उन्होंने मेरी व संगठन की बहुत मदद की थी। 21 जुलाई को अमृतबेला के समय

शरीर छोड़कर परमधाम गए अम्बरीश कुमार का शरीर भी अब पंचतत्व में विलीन हो गया हैं। हरिद्वार में कनखल श्मशान घाट पर पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अम्बरीश कुमार की बेटी प्रियमवता गोयल ने उन्हें मुखाग्नि दी।इसी के साथ उत्तराखंड की राजनीति का यह बड़ा सूरज अस्त हो गया । हरिद्वार में भाई जी के नाम से प्रसिद्ध उत्तराखंड कांग्रेस के बड़े नेता अम्बरीश कुमार काफी समय से बीमार चल रहे थे। अम्बरीश कुमार की अंतिम यात्रा में कांग्रेस, भाजपा, समाजवादी पार्टी और बसपा के भी कई बड़े नेता शामिल हुए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, हरिद्वार सांसद व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ,कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी अम्बरीश कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अम्बरीश कुमार के निधन को राजनीति के लिए गहरा आघात बताया । अम्बरीश कुमार ने 70 साल से ज्यादा की उम्र में करीब आठ बार चुनाव लड़ा था। लेकिन वे सिर्फ एक बार ही जीत विधायक का चुनाव जीत पाए। छह बार वे दूसरे नंबर पर रहे। हरिद्वार में अम्बरीश कुमार की पहचान एक जमीनी नेता के तौर रही है। उनका राजनीतिक सफर कांग्रेस से शुरू हुआ था। इसके बाद वे समाजवादी पार्टी में सक्रिय रहे। बाद में वे फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उत्तराखंड में हरीश रावत के बाद अम्बरीश कुमार ही एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और राहुल गांधी तीनों के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था।सन 2019 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर हरिद्वार से आखिरी लोकसभा चुनाव लड़ा ,लेकिन हार गए।वे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू व इंदिरा गांधी से प्रभावित होकर कांग्रेस में आए थे। अम्बरीश कुमार के पिता हरिद्वार के एक कपड़ा व्यवसायी थे।अम्बरीश कुमार ने सन 1971 में तब कांग्रेस को ज्वाइन किया था जब पूरे देश में इंदिरा गांधी से प्रभावित होकर नौजवानों ने कांग्रेस का हाथ थामा था। एक साल के भीतर ही सन 1972 में वे हरिद्वार के यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए । अम्बरीश कुमार के चाचा ओमप्रकाश गांधी स्वतंत्रता सेनानी और महात्मा गांधी के बेटे प्रभुलाल गांधी के करीबी थे। अम्बरीश कुमार को राजनीति की असली शिक्षा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता राजेन्द्र कुमार गर्ग से मिली थी।तभी तो उनमें कही न कही वामपंथीपन भी झलकता था।अंबरीश कुमार हरिद्वार की सियासत का एक जाना-माना चेहरा थे। उनकी सक्रियता लगातार बनी रहती थी।

शक के घेरे में संघ प्रचारक

रमेश सर्राफ धमोरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बड़े प्रचारक भी अब शक के घेरे में आने लगे हैं। राजस्थान मे संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इससे ईमानदारी के लिए विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छवि दागदार हुई है। राजनीतिक प्रेक्षक इसे भाजपा की अंदरूनी लड़ाई का नतीजा बता रहे हैं। जयपुर में गत दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें जयपुर शहर में सफाई करने वाली पुणे की बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधि ओमकार सप्रे, जयपुर की निलंबित मेयर सौम्या गुर्जर के पति राजाराम गुर्जर व संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम बैठे दिखाई दे रहे हैं। जिसमें सफाई करने वाली बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधि से राजाराम गुर्जर निगम में बकाया 276 करोड रुपए के भुगतान करवाने की एवज में बीस करोड़ रूपयों की मांग करते हुए दिख रहे हैं। सीडी में संघ प्रचारक निंबाराम की मौजूदगी ने मामले को हाई प्रोफाइल बना दिया है। सीडी वायरल होने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सीडी में बैठे दिखाई दे रहे सभी लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार की रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। इस प्रकरण में एसीबी ने अभी तक निलंबित मेयर सौम्या गुर्जर के पति राजाराम गुर्जर व बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधि ओमकार सप्रे को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि बीवीजी कंपनी के एक अन्य प्रतिनिधि संदीप चौधरी अभी फरार चल रहा है। इस सीडी को संदीप चौधरी द्वारा ही बनाया गया बताया जा रहा है।

संदीप चौधरी झुंझुनू जिले का रहने वाला है। उसके भाजपा के कई बड़े नेताओं से नजदीकी सम्बंध रहें है। पिछली वसुंधरा राजे सरकार में संदीप चौधरी को एक वैद्यानिक सरकारी संस्था में सदस्य बनाया गया था। चर्चा है कि उसकी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे तक सीधी पहुंच थी। भाजपा के एक बड़े नेता की सिफारिश पर संदीप चौधरी को अप्रैल महीने में ही बीवीजी कंपनी में बड़े पद पर नियुक्त किया गया था। वायरल सीडी में मौजूद तीन लोगों के अलावा वहां चैथा शख्स संदीप चौधरी ही मौजूद था जो सीडी में दिखाई नहीं दे रहा है। इसलिये सीडी बनाने का शक संदीप चौधरी पर ही जा रहा है। रिश्वत केस में गिरफ्तार राजाराम गुर्जर और ओमकार सप्रे ने रिमांड के दौरान पूछताछ में बताया कि वायरल हुआ वीडियो जयपुर के सहकार मार्ग स्थित सेवा सदन भवन में बनाया गया था। एसीबी ने दोनों आरोपियों से उस कमरे की पहचान करवा ली है। सेवा सदन भवन के एक कमरे में 20 अप्रेल को राजाराम गुर्जर, ओमकार सप्रे, संदीप चैधरी की निंबाराम से मुलाकात हुई थी। बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधि ने संदीप ने बातचीत का वीडियो रिकॉर्ड किया था। जिसमें कंपनी को 276 करोड़ के भुगतान करवाने बाबत 20 करोड़ के लेनदेन की बातचीत हुई थी। मामले में अभी निम्बाराम और संदीप चौधरी से पूछताछ नहीं हो सकी है। संदीप जल्द ही एसीबी की पकड़ में आ जायेगा। वीडियो बनाकर वायरल करने में उसकी अहम भूमिका बताई जा रही है। ऐसे में संदीप से पूछताछ के बाद और भी कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव

ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है। चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मों का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मों के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शात हैं, कर्म शात नहीं है। परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अत- भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

डब्ल्यूएचओ की चेतावनियों की न हो अनदेखी

योगेश कुमार गोयल

नया खतरा बनकर सामने आता 'कप्पा'

भारत में कोरोना की दूसरी लहर भले ही काफी कम हो गई हो लेकिन इसका खतरा अभी टला नहीं है। अभी भी देशभर में प्रतिदिन 40 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं और कुछ राज्यों में मामले धीरे-धीरे बढ़ने भी लगे हैं। इसके अलावा कोरोना वायरस के सामने आ रहे नए वेरिएटंस खतरे को बढ़ा रहे हैं। डेल्टा के बाद डेल्टा प्लस और अब डेल्टा का ही भाई माना जा रहा 'कप्पा' वेरिएंट भी मिला है, जिसे काफी घातक माना जा रहा है। दूसरी ओर कोरोना के तमाम नियम-कानूनों को धत्ता बताते हुए खासकर पर्वतीय इलाकों में जिस प्रकार लोगों की भीड़ बढ़ रही है, वह आने वाले किसी बड़े संकट को न्यौता देती प्रतीत हो रही है। दूसरी लहर का प्रकोप कम होने के बाद भारत में जहां विभिन्न चरणों में अनलॉक की प्रक्रिया जारी है, वहीं हाल के दिनों में दो दर्जन से भी ज्यादा देशों में कोरोना संक्रमण में काफी तेजी आई है। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन चेतावनी भरे शब्दों स्पष्ट कह रहा है कि इस समय किसी भी देश को पूर्ण प्रतिबंध हटा लेने की मूर्खता नहीं करनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अभी जो देश जल्दबाजी में अनलॉक करेंगे या बचाव के नियमों में ढ़ील देंगे, उनके लिए यह बहुत बड़ा मूर्खतापूर्ण कदम साबित हो सकता है। भारत में लापरवाहियों का अंजाम हम कोरोना की दूसरी खतरनाक लहर के रूप में भुगत चुके हैं और अब लगातार मिल रही तीसरी लहर की चेतावनियों के बावजूद फिर से देशभर में बेफिक्री और लापरवाहियों का जो आलम देखा जा रहा है, उसके दृष्टिगत डब्ल्यूएचओ की चेतावनी की अनदेखी के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

कोरोना की तीसरी लहर की चिंता के बीच कोरोना के नए-नए वेरिएंट मुसीबत बन रहे हैं। एक के बाद एक नए-नए वेरिएंट कहर मचा रहे हैं और भयावहता के मामले में सभी एक-दूसरे पर भारी पड़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस के स्ट्रेन का नाम ग्रीक अल्फाबेटिकल लेबल्स पर रखा है और उसी के अनुरूप भारत में कोरोना के वेरिएंट स्ट्रेन का नाम डेल्टा तथा कप्पा पर रखा जाता है। देश में कोरोना की दूसरी लहर के लिए डेल्टा वेरिएंट प्रमुख रूप से जिम्मेदार रहा और अब तीसरी लहर के लिए कौन-कौनसे वेरिएंट जिम्मेदार होंगे और इस लहर को कितना भयावह बनाएंगे, अभी कहा जा नहीं जा सकता। शरीर में एंटीबॉडी को चकमा देने में सक्षम कोरोना का घातक लैंबडा वेरिएंट पिछले करीब एक महीने में 30 से भी ज्यादा देशों में फैल चुका है। हालांकि भारत में अभी तक लैंबडा वेरिएंट का भले ही कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन जिस प्रकार डेल्टा के बाद डेल्टा प्लस और अब कप्पा स्ट्रेन के मामले मिले हैं, ऐसे में कोरोना के मामलों को लोगों द्वारा हल्के में लिया जाना खतरनाक हो सकता है।

दरअसल यह वायरस लगातार अपना रूप बदलकर बड़ी आबादी को ऐसे निशाना बनाने लगा है कि फिर संभलने के लिए ज्यादा समय नहीं मिलता। हाल के दिनों में कोरोना वायरस के स्पाइक प्रोटीन में तीन बड़े बदलाव (म्यूटेशन) एल452आर, ई484क्यू तथा पी681आर हुए हैं। इनमें सबसे प्रमुख म्यूटेशन एल452आर है, जिसमें प्रोटीन की 452वीं स्थिति पर ल्यूसीन प्रोटीन अर्जिनाइन में बदल गई है। एल452आर को इम्यून एस्केप म्यूटेशन माना जाता है। स्पाइक प्रोटीन जीनोम के 484वें क्रम पर ग्लूटामिक एसिड बदलकर ग्लूटामाइन हो गया है। यह बदलाव इसे इंसानी रिसेप्टर एसीई-2 से जुडने में ज्यादा सक्षम बनाता है और होस्ट के प्रतिरोधी तंत्र में सेंध लगाने में ज्यादा सक्षम बनाता है। वायरस के स्पाइक जीनोमक्रम 681 में भी म्यूटेशन हुआ है। यहां मौजूद प्रोलाइन प्रोटीन की जगह अर्जिनाइन प्रोटीन आ गई है, इस बदलाव का असर इसकी संक्रामकता को बढ़ाता है।

पिछले दिनों देश के विभिन्न हिस्सों में डेल्टा प्लस वेरिएंट के कुछ मामले मिले हैं, जिसे बी.1.617.2 स्ट्रेन भी कहा जाता है और अन्य स्ट्रेन की तुलना में 60 फीसदी ज्यादा संक्रामक माना जाता है। अब जिस कप्पा वेरिएंट (बी.1.617.1 स्ट्रेन) के मामले सामने आए हैं, उसे डेल्टा प्लस वेरिएंट से भी ज्यादा खतरनाक बताते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह नया वेरिएंट बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। हालांकि कप्पा वेरिएंट को लेकर कई शोध किए जा रहे हैं और विशेषज्ञों के मुताबिक इन शोधों के जरिये ही कप्पा वेरिएंट को लेकर और जानकारियां सामने आ सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार कप्पा वेरिएंट डेल्टा वायरस का ही बदला स्वरूप है, जो डेल्टा प्लस की तरह ही खतरनाक है। यह बी.1.617 वंश के वेरिएंट के म्यूटेशन से बना है, जो पहले भी देश में पाया जा चुका है। कोविड के कप्पा स्वरूप के बारे में नीति आयोग के सदस्य डा. वीके पॉल का कहना है कि यह स्वरूप फरवरी-मार्च में भी देश में मौजूद था लेकिन उस समय इसकी तीव्रता बहुत कम थी। सबसे पहले महाराष्ट्र में इसका पता दिसम्बर 2020 में चला था जबकि डेल्टा वेरिएंट महाराष्ट्र में ही अक्तूबर 2020 में सामने आया था। कोरोना वायरस की पैंगो लीनेज वह वंशावली है, जिसका नोमेनकल्चर पैंगोलिन में होता है और कोरोना के ये दोनों ही वेरिएंट पैंगो लीनेज बी.1.617 के म्यूटेशन हैं। डेल्टा को बी.1.617.2 और कप्पा को बी.1.617.1 म्यूटेशन कहा जाता है। बी.1.617 के कई म्यूटेशन हो चुके हैं, जिनमें से ई484क्यू तथा एल452आर के कारण ही इसे 'कप्पा वेरिएंट' कहा गया है। डेल्टा प्लस को भारत में 'वेरिएंट ऑफ कंर्सन' घोषित किया गया है जबकि कप्पा को डब्ल्यूएचओ द्वारा 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया गया है अर्थात् इसमें यह पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि यह किस प्रकार अपना रूप बदल रहा है।

पीलिया रोग के जोखिमों को कम करने में सक्षम हैं ये योगासन, ऐसे करें इनका अभ्यास

पीलिया एक प्रकार का रोग है, जो कि लिवर में होता है। इस रोग के कारण त्वचा का रंग, श्लेष्मा झिल्ली और आंखों का रंग पीला हो जाता हैं। वहीं, इससे ग्रस्त व्यक्ति मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से कमजोर महसूस करता है। हालांकि, कुछ योगासनों के नियमित अभ्यास से इस रोग के जोखिमों को कम करने में काफी मदद मिल सकती है। आइए आज आपको ऐसे ही योगासनों के अभ्यास का तरीका बताते हैं।

नौकासन

नौकासन के अभ्यास के लिए सबसे पहले योगा मैट पर श्वासन की मुद्रा में लेट जाएं। इसके बाद अपने दोनों पैरों के पंजों को आपस जोड़ते हुए उन्हें 45 डिग्री तक सांस भरते हुए उठा लें। अब अपने दोनों हाथों को कंधे की सीध में उठाते हुए घुटनों की तरफ एकदम सीधा रखें। इसी अवस्था में अपने सिर और पीठ को भी उठाएं और नाव का आकार ले लें। इसके बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे योगासन को छोड़ें।

बद्ध पद्मासन

इस योगासन के लिए पहले योगा मैट पर पद्मासन की मुद्रा में बैठ जाएं और यह सुनिश्चित करें कि इस दौरान पैर के पंजे जांघों से बाहर की ओर निकलकर दोनों ओर से कमर को छू रहे हों। अब बाएं हाथ को पीठ के पीछे से लाते हुए दाएं पैर के अंगूठे को पकड़े और दाएं हाथ से बाएं पैर के अंगूठे को पकड़ें। कुछ क्षण इसी मुद्रा में बने रहने के बाद धीरे-धीरे अपनी प्रारंभिक अवस्था में आ जाएं।

धनुरासन

धनुरासन के अभ्यास के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने दोनों घुटनों को अपनी कमर की तरफ से मोड़े और हाथों से टखनों को मजबूती से पकड़ लें। इसके बाद सांस लेते हुए अपने पूरी शरीर को इस प्रकार ऊपर उठाने की कोशिश करें कि शरीर का आकार धनुष के समान लगे। इस दौरान अपनी क्षमतानुसार मुद्रा में बने रहकर धीरे-धीरे सांस लेते और छोड़ते रहें। कुछ सेकेंड बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

सर्वांगासन

सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल लेटकर दोनों हाथों को शरीर से सटाकर सीधा कर लें। अब सामान्य रूप से सांस लेते हुए पैरों, कूल्हों और कमर को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं। इसके साथ ही हाथों से कमर को सहारा देते हुए कोहनियों को जमीन से सटा लें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहें और धीरे-धीरे वापस अपनी प्रारंभिक अवस्था में आ जाएं। नियमित रूप से इस योगासन का कुछ मिनट अभ्यास जरूर करें।

सिद्धार्थ मल्होत्रा की वॉर ड्रामा फिल्म शेरशाह में नहीं दिखेंगे शाहरुख खान

सिद्धार्थ मल्होत्रा काफी समय से अपनी वॉर ड्रामा फिल्म शेरशाह को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म कारगिल युद्ध में शहीद हुए परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा के शौर्य पर आधारित होगी। इस फिल्म में कैप्टन विक्रम की



भूमिका को सिद्धार्थ ने अदा किया है। फिल्म में एक छोटी भूमिका में शाहरुख खान के दिखने की खबरें भी सामने आई थीं। अब जानकारी सामने आ रही है कि शाहरुख इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख सिद्धार्थ की फिल्म शेरशाह में नहीं दिखने वाले हैं। पिछले साल ऐसी खबरें सामने आई थीं कि शाहरुख इस फिल्म में कैमियो की भूमिका में नजर आएंगे। बताया गया था कि शाहरुख ने इस फिल्म की शूटिंग की है। कहा जा रहा था कि शाहरुख छोटी लेकिन फिल्म में अहम भूमिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धार्थ के साथ कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में दिखेंगी। हाल में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों ने पसंद किया था। सिद्धार्थ ने फिल्म का टीजर शेयर करते हुए लिखा था, हीरो अपनी कहानियों से जीते हैं। कैप्टन विक्रम की असली वीर गाथा को आपके सामने पेश करने में गर्व महसूस हो रहा है। सिद्धार्थ ने कियारा का फर्स्ट लुक भी शेयर कर दिया है। फिल्म में वह सिद्धार्थ की प्रेमिका की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन विष्णुवर्धन द्वारा किया गया है। शेरशाह में सिद्धार्थ को विक्रम और उनके जुड़वां भाई विशाल बत्रा के रूप में दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। इस फिल्म में जावेद जाफरी और शिव पंडित भी प्रमुख भूमिका में हैं। पिछले साल कोरोना वायरस की महामारी के कारण इस फिल्म को रिलीज नहीं किया गया था। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है। फिल्म की कहानी कारगिल युद्ध के हीरो कैप्टन विक्रम के जीवन के इर्दगिर्द होगी। विक्रम का जन्म 9 सितंबर, 1974 को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हुआ था।

बिकिनी में अप्सरा रानी ने कराया हॉट फोटोशूट

तेलुगू सिनेमा की बोल्ड अभिनेत्री अप्सरा रानी का असली नाम अनकेता महाराणा जिन्होंने कम वक्त में साउथ इंडियन सिनेमा, खासकर तेलुगू फिल्मों में अपनी पहचान बना ली है। हाल ही में अप्सरा रानी ने एक बेहद हॉट बिकिनी फोटोशूट करवाया है। इस फोटोशूट का एक वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसमें वो गजब के पोज देते नजर आ रही हैं। इस फोटोशूट में अप्सरा कहर ढा रही हैं। बिकिनी लुक वैसे तो उनकी पहले से कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं मगर इस वीडियो में उनकी टोन्ड बॉडी, और हॉट अवतार फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा रहा है। अप्सरा ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा- ग्लो ऑन। ये रील वीडियो उन्होंने 22 जून को पोस्ट किया था और महज दो दिन में वीडियो को 1 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अप्सरा के चाहने वाले उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। उनके फैंस उनकी फोटोज और वीडियोज को हमेशा ही बहुत पसंद करते हैं। इस बीच अप्सरा के इस वीडियो पर उनके एक फैन ने एक कमेंट किया है। वनराज मयंक नाम के शख्स ने अप्सरा के वीडियो पर कमेंट कर पूछा- ये आप लोगों की फोटो क्लिक करने वाला मेल (मर्द) होता है क्या? वैसे तो अप्सरा ने इस कमेंट का कोई जवाब नहीं दिया मगर इस कमेंट की तरह कई और लोग भी एक्ट्रेस के वीडियो पर अलग-अलग तरह के कमेंट कर रहे हैं। अप्सरा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत तेलुगू फिल्म 4 लेटर्स से की थी। ये फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इसी साल आई रवि तेजा की सुपरहिट फिल्म क्रैक में अप्सरा का एक आइटम सॉन्ग भी था जिसमें उनका बेहद खास अंदाज नजर आया था।

अप्सरा रानी का फिल्मी करियर पहले ही शुरू हो चुका था लेकिन उनको अप्सरा रानी बनाने में सबसे बड़ा हाथ राम गोपाल वर्मा का है। उन्होंने ही अनकेता को स्टेज नेम अप्सरा दिया। हाल ही में एक्ट्रेस अप्सरा रानी की नई फिल्म डेंजरस का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। ये फिल्म भारत की पहली लेस्बियन क्राइम-थ्रिलर फिल्म है जिसे राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया है। डेंजरस में अप्सरा रानी के साथ एक्ट्रेस नैना गांगुली नजर आ रही हैं। दोनों एक्ट्रेसेज ने इस फिल्म में बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं। बता दें ?कि अप्सरा रानी हमेशा अपने बोल्ड लुक के लिए चर्चा में रहती हैं।

कुकड़ा के लिए सोनाक्षी सिन्हा ने मिलाया रितेश देशमुख से हाथ

इन दिनों बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में एक के बाद एक कई फिल्मों का ऐलान किया जा रहा है। अब इसी बीच एक और फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। ये एक हॉरर कॉमेडी फिल्म होने वाली है। जिसका टाइटल कुकड़ा रखा गया है। इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में रितेश देशमुख और सोनाक्षी सिन्हा नजर आने वाले हैं। आरएसवीपी ने आज इस फिल्म का ऐलान भी कर दिया गया है और फिल्म की शूटिंग भी आज से शुरू हो चुकी है। फिल्म में रितेश देशमुख और सोनाक्षी सिन्हा के अलावा साकिब सलीम भी अहम रोल में दिखाई देने वाले हैं।

फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोत्दार करने वाले हैं। ये उनकी पहली हिंदी फिल्म है इससे

पहले वो कई मराठी फिल्मों का निर्माण कर चुके है। अगर हम बात करें फिल्म कुकड़ा की तो ये एक गांव में एक अजीब अभिशाप पर आधारित कहानी है। जिसमें अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम दमदार अंदाज में दर्शकों को मनोरंजन करने वाले है। ये फिल्म एक अंधविश्वास से भरी मस्ती भरी फिल्म होने वाली है।

जो परंपरा और यहां तक कि प्यार पर भी सवाल खड़ा करने पर मजबूर मजबूर कर देती है। फिल्म की कहानी अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने लिखी हैं।

इस फिल्म के बारे में डायरेक्टर आदित्य ने कहा कि, वो रॉनी स्क्रूवाला के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। इसकी कास्टिंग भी बिल्कुल सही है और उनको उम्मीद है कि ये फिल्म दर्शकों को जरूर पसंद आएगी।

गदर 2 में फिर पाकिस्तान जाएंगे सनी देओल, इस बार बेटे के लिए करेंगे सरहद पार

सनी देओल और अमीषा पटेल की 2001 में आई गदर: एक प्रेम कथा ऐतिहासिक फिल्मों में शुमार की जाती हैं। फिल्म के जरिए सनी और अमीषा की जोड़ी को बॉलीवुड में एक अलग मुकाम हासिल हुआ था। हाल में फिल्म के सीच्ल बनने की खबर आई थी। अब गदर 2 की कहानी को लेकर जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो गदर 2 में सनी फिर पाकिस्तान जाएंगे। अपने बेटे उत्कर्ष के लिए सनी पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। इस फिल्म में सनी तारा सिंह नामक शख्स के किरदार में दिखे थे, जबकि अमीषा सकीना के किरदार में नजर आई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सनी का किरदार एक बार फिर पाकिस्तान की यात्रा पर दिखेगा। हालांकि, बाताया जा रहा है कि इस बार अपनी प्रेमिका को वापस लाने के लिए नहीं, बल्कि अपने बेटे उत्कर्ष के लिए सनी पाकिस्तान कूच करेंगे। वह अपने बेटे उत्कर्ष को वापस लाने की जद्दोजहद में दिखेंगे। एक सूत्र ने कहा, फिल्म गदर एक टाइमलेस लव स्टोरी है जिसने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास बनाया था। 20 साल बाद अनिल, सनी और उनके बेटे उत्कर्ष के साथ गदर का एक सीच्ल प्लान कर रहे हैं। फिल्ममेकर ने सीच्ल के लिए एक आइडिया विकसित है। तारा अब अपने बेटे चरणजीत सिंह (उत्कर्ष) को वापस लाने के लिए पाकिस्तान जाएगा। अब फिल्ममेकर लेखक के साथ फिल्म की पटकथा को तैयार करने में जुट गए हैं। फिल्म को पहले भाग की तरह ही जी द्वारा निर्मित किया जाएगा। प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने से पहले अनिल 2007 में आई फिल्म अपने के सीच्ल को पूरा करेंगे। फिल्म में देओल परिवार की चार पीढ़ियां एक साथ नजर आएंगी। फिल्म में धर्मेंद्र, सनी, बॉबी देओल और करण देओल मुख्य भूमिका में दिखेंगे। अपने पूर्व मुक्केबाज बलदेव के ऊपर आधारित है, जो अपने बेटों के माध्यम से करियर में खोया हुआ सम्मान वापस पाने की कोशिश करता है। गदर: एक प्रेम कथा एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन अनिल ने किया था। फिल्म में सनी, अमीषा और अमरीश पूरी मुख्य भूमिका में दिखे थे।

वेबसीरीज आश्रम की एक्ट्रेस अदिति पोहनकर रियल लाइफ में हैं बहुत स्टाइलिश

वेब सीरीज आश्रम से हर दिल में छा जाने वाली एक्ट्रेस अदिति पोहनकर रियल लाइफ में बहुत स्टाइलिश हैं. आज वो मुंबई में स्पॉट की गई तो एक बार फिर ये साबित हो गया कि वो खुद को बहुत शानदार तरीके से फोटोग्राफर्स के सामने पेश करती हैं. ताउ ते तूफान के बाद घर से निकलीं अदिति ने बाल खुले रखे थे और ब्लैक शूज उन पर काफी जंच रहे थे. अदिति ने इस वेबसीरीज में पम्पी का रोल अदा किया था. इससे पहले वो सी नाम की वेबसीरीज में भो बोल्ड कैरेक्टर कर चुकी हैं. अदिति पोहनकर कहती हैं, मैं सफलता की भूखी एक्टर हूं और जब मुझे कोई अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है तो मैं उस पर काम करना चाहती हूं मराठी और तमिल सिनेमा में एक्टिंग कर रहीं अदिति पोहनकर के लिए 2020 काफी अच्छा रहा. इन सीरीज के चलते उन्हें पूरे भारत में अच्छी खासी पहचान मिली है. वह कहती हैं, मुझे किसी भी चीज के लिए कुछ कहने की जरूरत नहीं है. सी वेब सीरीज ब्लॉकबस्टर साबित हुई है, जबकि आश्रम ने भी जबरदस्त सफलता पाई है अदिति ने पहलवान संग्राम सिंह से कुश्ती सीखकर आश्रम में पहलवान का रोल किया था. अदिति को देखकर कोई यह नहीं कह सकता कि वो रोल्स में टाइपकास्ट हो जाती हैं. एक इंटरव्यू में अदिति ने खुलासा किया कि उन्होंने आमिर खान की दंगल के लिए ऑडिशन दिया था. थिएटर से मराठी फिल्मों और अब वेब सीरीज की ओर रुख कर चुकीं अदिति लंबे समय से पर्दे पर रेसलर की भूमिका निभाना चाहती थीं।

त्वचा की समस्याओं के लिए रामबाण है नारियल का तेल, जानिए कैसे

नारियल तेल का इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है. पहले के समय में भी त्वचा से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल किया जाता है. इसमें कई तरह के पोषक तत्वों होते हैं. इसमें विटामिन्स और मिनरल्स की भरपूर मात्रा होती है. आप इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत करने के लिए कर सकते हैं. आइए जानते हैं नारियल तेल त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है.

मेकअप रिमूवर

अगर आप पूरा दिन मेकअप लगाकर रखते हैं तो त्वचा के लिए नुकसानदायक है. हमेशा रात को सोने से पहले मेकअप को अच्छे से हटाकर सोना चाहिए. भले ही आपके मेकअप में नेचुरल इंग्रीडिएट क्यों न हों. अगर आप बाहर से मेकअप क्लींजर नहीं खरीदना चाहती हैं तो नारियल तेल को रूई में डालकर इस्तेमाल कर सकती हैं और नेचुरल मेकअप रिमूवर के रूप में इस्तेमाल कर सकती है.

मॉश्चराइजर

अगर आपकी स्किन ड्राई हैं तो एक चम्मच नारियल तेल आपके लिए मॉश्चराइजर की तरह काम करता है. आपको बस रात को लगाकर सोना है और सुबह ग्लोइंग त्वचा पाएं. अगर आपकी त्वचा एक्ने प्रोन हैं तो तेल का इस्तेमाल न करें. इससे आपकी समस्या बढ़ सकती हैं.

डैंड्रफ से पाएं छुटकारा

ये बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें एंटी माइक्रोबियस और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है. ये स्कैल्प से रूसी को कम करने में मदद करता है. आप नारियल तेल में टी ट्री ऑयल की एसेंशियल बूंदे डाल दें और अपने स्कैल्प पर लगाएं. इस उपाय को कुछ दिनों तक करने से समस्या दूर हो जाएगी.

झड़ते बालों से छुटकारा दिलाता

आप झड़ते बालों से छुटकारा पाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको एवोकाडो में मैशड केला डालना है और इस हेयर मास्क को लगाने के बाद हेयर प्रॉब्लम्स से छुटकारा मिल जाएगा.

स्ट्रेच मार्क को दूर करता है

नारियल तेल में कोलेजन बढ़ाने के गुण होते हैं. ये एजिंग के लक्षणों को दूर करने में मदद करता है. इतना ही नहीं स्ट्रेच मार्क को हल्का करने में भी मदद करता है. इसके लिए आपको रोजाना नारियल तेल लगाना है.

करण जौहर ने बनाई रणवीर-आलिया की जोड़ी, 2022 में आएगी फिल्म

करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है. इस फिल्म का टाइटल है रॉकी और रानी की प्रेम कहानी करण जौहर खुद इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे. करण जौहर ने इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह और आलिया भट्ट को लीड रोल में साइन किया है. इस प्रोजेक्ट का ऐलान करते हुए करण ने कहा कि ये फिल्म 2022 में थिएटर्स में रिलीज होगी. बता दें कि कल ही करण जौहर ने खुद ऐलान किया था कि वो 5 साल बाद डायरेक्शन में लौट रहे हैं. कुछ कुछ होता है से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले करण जौहर आज देश के सबसे बड़े फिल्ममेकर बन गए हैं. इस फिल्म को करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन के राइटर्स इशिता मोइत्रा, सुमित रॉय और शशांक खेतान ने लिखा है. शशांक खेतान करण जौहर से लंबे वक्त से जुड़े हैं और अब वो करण जौहर की फिल्मों के प्रोड्यूसर भी बन गए हैं. करण जौहर ने कल अपनी बॉलीवुड करियर के बारे में बात करते हुए बताया था कि कैसे उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन, धर्माटिक, धर्मा कॉर्नरस्टोन कंपनी के साथ-साथ धर्मा 2.0 को लॉन्च किया है. करण ने आज अपनी कंपनियों को देश की सबसे बड़ी फिल्म पावरहाउस प्रोडक्शन कंपनी बना दिया है. हाल ही में उन्होंने टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी डीसीए लॉन्च की थी। जिसमें पहली बार एक्टर्स के साथ-साथ फिल्ममेकर्स के टैलेंट को भी मैनेज किया जा रहा है. करण ने हजारों करोड़ रुपए का इनवेस्टमेंट इस कंपनी को बड़ा करने के लिए किया है. उनके साथ शुरू हुई बाकी कंपनियों को करण के वैल्यू और फिल्ममेकिंग के मामले में काफी पीछे छोड़ दिया है.

शिखर पर अग्रसर केन्द्रीय रेलवे बोर्ड कमेटी की सदस्य बनीं विभा अश्वनी अवस्थी

महावीर इंटरनेशनल की ओर से बधाई-विशाल राउत खोंगल

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ , पुष्पांजली टुडे

बालाघाट / जनता का प्रतिनिधित्व करने वाला अर्थात जो व्यक्ति जनता की बात को आगे ला सके। जनता की आवाज़ बनकर उसकी परेशानी उसकी जरूरतों को सरकार के सामने रखें तथा उनको पूरा करने का भरपूर प्रयत्न करें। इन्हें ही असली मायने में जनप्रतिनिधि कहा जाता है। आज हम एक ऐसी अद्वितिय शक्ति से ओतप्रोत महिला की बात कर रहे हैं, जिन्होंने अपने बाल्यकाल से ही सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर अपनी प्रतिभा को उच्च शिखर के मार्ग पर लाकर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने में अपना कर्त्तव्य समझा है। पुजारी परिवार के आंगन में खुशियों का अंबार लेकर 1 जनवरी 1976 को ब्राम्हण परिवार में जन्मी विभा बाल्यकाल से ही जनसेवा में जुट गई। बाल्यकाल में पुजारी परिवार जनसंघ से जुड़ा हुआ था जिसकी छत्तीसगढ़ राज्य में एक विशेष पहचान रही है। आपका विवाह अश्वनी अवस्थी जी से हुआ। वर्तमान में आप ग्राम पोस्ट अमलीपदर, विकासखंड मैनपुर, विधानसभा विन्द्रानवागड़ जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ में निवासरत है। आपने अपनी हायर सेकंडरी परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षा जगत से जुड़ने तथा शिक्षा विभाग में परिवर्तन के द्रष्टीकोण को शिरोधार्य मानकर बीपीएड की डिप्लोमा हासिल किया, कानून की जानकारी से लोगों की किस तरह कानुनी मदद और सलाह दी जाए इसके लिए एलएलबी कोर्स में दाखिला लेकर अधिवक्ता के रूप में उच्च न्यायालय बिलासपुर और जिला सत्र न्यायालय रायपुर और गरियाबंद में अधिवक्ता बन मददगार साबित हो रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी आपने बीजे और एमजे का कोर्स पुर्ण किया। तो वहीं राजनीति शास्त्र, हिन्दी साहित्य और लोक प्रशासन से मास्टर आफ आर्ट की डीग्रीयां हासिल की।

केन्द्रीय भारतीय रेलवे बोर्ड कमेटी की बनी सदस्य

श्रीमती विभा अश्वनी अवस्थी को मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे केन्द्रीय भारतीय रेलवे बोर्ड गवर्नमेंट आफ इंडिया की सबसे बड़ी कमेटी का बोर्ड मेंबर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि यह कमेटी देश भर के किसी भी स्टेशन और रेलवे से संबंधित विषयों को लेकर यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कमेटी सीधे केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार को रिपोर्ट करती है। तथा समिति के सदस्यों के सुझाव अति महत्वपूर्ण माने जाते हैं । ऐसी स्थिति में विभा अश्वनी अवस्थी का रेलवे बोर्ड का मेंबर होना जिला गरियाबंद और पुरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है।

वर्तमान में विभिन्न दायित्वों को संभाल रही विभा अश्वनी अवस्थी

वर्तमान में विभिन्न पदों पर रहकर दायित्व संभाल रही है। जनवरी 2021 से भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश महामंत्री है। महिला विंग अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ की वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष है। महावीर इंटरनेशनल रिजन -9 की डिप्टी डायरेक्टर एव वाइस चेयरमैन महावीर इंटरनेशनल रायपुर है। अधिवक्ता उच्च न्यायालय बिलासपुर तथा अधिवक्ता जिला सत्र न्यायालय रायपुर और गरियाबंद में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है।

राजनीतिक पृष्ठभूमि में अमिट छाप

विभा अश्वनी अवस्थी ने अपने छात्र जीवन से ही कमियों को उजागर करने और छात्र हित में शिक्षा विभाग से दो दो हाथ करने से नहीं घबराई। और इस सामर्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सन 1995 से1997 तक छात्र संघर्ष समिति , पं . रविशंकर कॉलेज रायपुर की अध्यक्ष रहीं। सन 1996 से 1998 तक अखिल भारतीय छात्र समिति , पं . रविशंकर कॉलेज , रायपुर की उपाध्यक्ष भी रही। प्रदेश मिडिया एवं सोशल मिडिया प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा , छत्तीसगढ़ भी रही। भाजपा मंडल जिला गरियाबंद की जिला उपाध्यक्ष के पद पर रही। भाजपा गरियाबंद मंडल की मंडल कार्यसमिति की सदस्य सन 2006-2008 तक रही। सन 2008-2009 में किसान मोर्चा में पादप एवं उर्जा प्रकोष्ठ की जिला संयोजक रही। भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला की कोषाध्यक्ष 2009-2011 तक, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा गरियाबंद जिला 2011-2016 तक रही। सन 2013 से वर्तमान में अनुसूचित जनजाति आपदा पीड़ित प्रबंधन परियोजना , गरियाबंद की सदस्य हैं। सन 2013-2018 तक उपभोक्ता फोरम , जिला गरियाबंद की सदस्य रहीं। वहीं सन 2014 से वर्तमान में बी.एस.एन.एल , जिला गरियाबंद रायपुर संभाग की सदस्य हैं। भाजपा महिला मोर्चा , छत्तीसगढ़ में मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी भी है।

सामाजिक पृष्ठभूमि में भी निभा रही जिम्मेदारियां

विभा अश्वनी अवस्थी की आगे सामाजिक पृष्ठभूमि पर बात की जाए तो वह वर्तमान जिला अध्यक्ष महिला वर्ग ब्राहमण समाज तथा पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष ब्राहमण समाज छत्तीसगढ़ भी रही। बतौर समाज सेविका के रूप में कमार , भुंजिया , हरिजन (दलित) , निषाद समाज एवं आदिवासी वनांचल भी रही। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन , छत्तीसगढ़। एकल विधालय प्रमुख अमलीपदर संच , बनवंधु परिषद भी रही है। तो वहीं आंचल सहकारी संस्था की संभाग सचिव भी रही है।

पार्टी की उम्मीद पर खरा सोना शाबीत

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत ने लोकतांत्रिक प्रणाली अपनाई। परिणामस्वरूप जनता का भविष्य उनके प्रतिनिधियों के हाथ आ गया। संविधान को संसद में अपनाने के समय संविधान निर्माताओं की कमेटी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि ÷संविधान चाहे जितना भी अच्छा हो परिणाम तभी अच्छे होंगे जब जन प्रतिनिधि अच्छे होंगे।÷ 50 और 60 के दशक में जो जनप्रतिनिधि चुनाव जीत कर आये उन्होंने जन सेवा को ही प्राथमिकता दी। 70-80 के दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में नायकवाद का उभार हुआ और साथ ही संख्या बल के महत्व को सिद्धांतों से कहीं अधिक महत्व मिलने लगा। भारतीय राजनीति का जैसे-जैसे नैतिक पक्ष कमजोर होने लगा वैसे-वैसे राजनीति में धनबल और बाहुबल का बोलबाला बढ़ता चला गया। दलगत तथा स्वार्थ पर आधारित राजनीति के परिणामस्वरूप %वोट बैंक बनाकर राजनीति होने के कारण समाज व देशहित की अनदेखी होनी शुरू हो गई। राजनीति अब समाज व देश सेवा न होकर मेवा खाने का माध्यम बनती चली गई। इस कारण जन और जनप्रतिनिधि के बीच हर स्तर पर अंतर बढ़ता चला जा रहा है। जन तो जीवन जीने के लिए आवश्यक रोटी, कपड़ा और मकान के लिए संघर्ष करने में लगा है। वहीं जन की सेवा के नाम पर जो जनप्रतिनिधि के रूप में राजनीति में आये वह समय के साथ अमीर होने लगे हैं। लेकिन इन बातों से कोशो दुर विभा अश्वनी अवस्थी संविधान निर्माताओं की कमेटी के कहें शब्दों को प्राथमिकता देते हुए सेवा भाव को प्राथमिकता देने में जुटी हुई है। ऐसे में क्या गरियाबंद जिले की कमान पार्टी आलाकमान सौंपती है? यह पार्टी के लिए चिन्तन और मनन करने की बात है। फिलहाल मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे गवर्नमेंट आफ इंडिया में बोर्ड मेंबर बनाकर केन्द्र सरकार ने एक बड़ी और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे विभा अश्वनी अवस्थी को निर्वहन करना है।

महावीर इंटरनेशनल की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

विभा अश्विनी अवस्थी आप को महावीर इंटरनेशनल की पूरी टीम की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।सर्वश्री सोहन वैद्य अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल रिजन-9 ,सुशिल जैन महाकौशल जॉन चेयरमैन, महेंद्र भाई टांक ,त्रिलोकचंद कोचर ,अभय सेठिया ,राकेश सचान ,प्रणव पटेल महावीर इंटरनेशनल लांजी की टीम के उपस्थित सदस्य महावीर इंटरनेशनल के चेयरमैन एवं डिप्टी डायरेक्टर विशाल राऊत खोंगल, फणीन्द दुरुगकर, प्रवीण उमरे, भरत कालबेले, रामकुमार खारगाल, भूपेश कार्हे, उमाकांत उपराडे,संतोष तिड़के ,डॉ दुर्गेश तिड़के, विजय कुथे, प्रदीप मोनू अग्रवाल, जगन्नाथ दादू नाकतोड़े ,भानु डोनाडकर, रविंद्र पारधी, डॉ संतोष रातोंने ,डॉ दिनेश बेदरे, डॉ शैलेंद्र रतोने, अरशद खान, बंटी चंद्रदीप रामटेके, इंद्रकुमार भूते, पप्पू कावड़े, डॉ तोमेश बापुरे,अंचल कालबेले,मुकेश कोल्हे, रोहन अस्तने , सिद्दीक अंसारी, पवन उमरे,तपेश कालबेले, नंदकिशोर बिलावर,, लोकेश फुंडे, दिलीप बनोठे,आकाश डिब्बे,रूपेश बिहोने ,सभी सदस्यों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं ।

'भाजपा पदाधिकारियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया संबोधित'

(भाजपा कार्यकर्ता राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचा कर लोगों को लाभ दिलाएं मुख्यमंत्री)

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)।भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग प्रादेशिक ई-चिंतन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में गरीबों को सशक्त बनाने के लिए लोक कल्याणकारी योजना के विषय पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्बोधन दिया द्य मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम आदरणीय श्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज गरीबों को सशक्त बनाने के लिए कल्याणकारी योजनाएं के माध्यम से उन्हें लगातार लाभान्वित किया जा रहा है, लोगों के हित में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगातार योजनाएं बनाकर जनमानस को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कार्य किए जा रहे हैं उन्होंने कहां कि किसानों के हित में फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी अनेकों योजनाओं को लागू कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों को भी लाभ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है द्य उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सरकार ने लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए तत्परता के साथ कार्य किए है द्य उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए

कहा कि सरकार की योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने के लिए पार्टी पदाधिकारी आगे आकर जनमानस की सेवा भाव से कार्य करने का आह्वान किया ।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों में पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदोरिया रमेश दुबे रोमांस महंत मुख्यमंत्री चौहान के वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से जुड़े

जिला मुख्यालय के शिव उत्सव वाटिका मैं भारतीय जनता पार्टी के ई-चिंतन वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया, वीरेंद्र सिंह राणा ,अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट श्रीमती कृष्णकांता तोमर, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राममिलन शर्मा, अशोक सिंह गुर्जर प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह नरवरिया, आईटी सेल के संयोजक राधा कृष्ण शर्मा तथा पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता जुड़े ।

'कलेक्टर ने शहर का भ्रमण कर जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया'

(कलेक्टर ने जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को जरूरी इंतजाम करने की दी हिदायत)

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने भिण्ड शहर का भ्रमण कर जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीट मंडी पहुंच संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने मीट मंडी क्षेत्र की नाले-नालियों की सफाई कार्य देखा। कलेक्टर ने शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने की हिदायत भी अधिकारियों को दी। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड उदयसिंह सिकरवार, नपा सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा नगर

पालिका का अमला उपस्थित था।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कॉटनजीन कॉलोनी, अटेर रोड पुलिया के पास, बायपास रोड पेट्रोल पम्प, देहात थाने के पास, तोमर पेट्रोल पम्प के पास वर्षा के कारण हुए जल भराव का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने वर्षा के कारण हुए जल भराव की तत्काल निकासी की व्यवस्था कर समस्या का निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं नगर पालिका अमले को निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने लहार रोड चौराहा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने वर्षा के कारण हुए जल भराव का नगर पालिका अमले द्वारा किये जा रहे निकासी कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही तत्काल जलभराव की निकासी की व्यवस्था कर समस्या का निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि नाले-नालियों की नियमित सफाई कराई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति न बन पाए। ऐसे क्षेत्रों पर लगातार नजर भी रखी जानी चाहिए जहां ज्यादा पानी भर जाता है। ताकि अत्यधिक बारिश की स्थिति में वहां तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें।

रूपावास में धरती को हरा भरा करने का संकल्प लेकर वृक्षारोपण अभियान चलाया

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली निकटवर्ती ग्राम पंचायत रूपावास में दो दिवसीय ग्राम भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी हरिभाई पटेल के प्रेरणा से धार्मिक स्थल व सार्वजनिक जगह पर हरियालो राजस्थान संरक्षण बचाव का संदेश देकर ग्रामीणों पुरूषों, महिलाओं व युवाओं के प्रत्येक परिवार में एक एक धरती को हरा भरा करने का संकल्प लेकर विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार वृक्षारोपण किया तथा सुरक्षा के लिए टी गार्डन लगाकर देखभाल की जिम्मेदारी सौंप कर अभियान चलाया जा रहा है ।

इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल भँवरी देवी वदिया देवी करण बंजारा मांगीलाल भाटी थानाराम कैलाश मेगवंशी मुलियावास उदाराम चौथाराम नरसिंह राम ढलाराम घॉची सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे।

जीवन बचाना है तो हमे करना होगा वृक्षारोपण

ग्वालियर / गोले का मन्दिर स्थित गौशाला में कर्मचारियों ने किया वृक्षारोपण जिसमे उपस्थित कर्मचारी - सुनील बाथम,संजय सिकरवार,राहुल कुशवाह, हेमन्त कुशवाह, मनीष राजपूत,राजेश पाल,हैप्पी पाल,दया रजक आदि लोग उपस्थित रहे।

देवासी समाज के गौ भक्त ने गौ माता की सेवा करने का लिया जिम्मा

मेरा पूरा जीवन श्री चारभुजा गौशाला में गौ माता के लिए समर्पित किया जाएगा

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली।राजस्थान पाली जिले के पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत गिराडडा पाली रूपावास मुख्य रोड पर स्थित श्री चारभुजा गौशाला के संस्थापक नाथू राम देवासी निवासी गिराडडा संत श्री श्री 1008 बालक दास जी महाराज उन्दरा चौराया की प्रेरणा से गौ भक्त ने गौ माता की सेवा करने का लिया जिम्मा। आज से करीबन 6 वर्ष पूर्व श्री चारभुजा गौशाला की नीव रखी। गौ भक्त देवासी ने श्री श्री 1008 बालक दास जी महाराज की प्रेरणा से गौ माता की सेवा करने का लिया संकल्प के आधार पर लगातार दिनों दिन देव रूपी गायों की देखभाल करने का पूर्ण जिम्मा लिया। श्री

चारभुजा गौशाला में वर्तमान समय में लगभग 400 गाय अपना सुखमय जीवन बिता रही हैं। श्री चारभुजा गौशाला लगभग 64 बीघा जमीन मैं स्थापित हैं। श्री चारभुजा गौशाला समाजसेवी भामाशाह के लगातार सहयोग से निरंतर हर क्षेत्र में बढ़ोतरी की गई। जिसने विष्णु सनातन धर्म और जैन धर्म के वरिष्ठ भामाशाह का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। गौ भक्त देवासी ने गौ माता की सेवा के साथ-साथ प्रकृति का मूल क्षगार वृक्ष इसी की प्रेरणा के आधार पर श्री चारभुजा गौशाला में अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग किस्म के वृक्ष लगाए गए। देव रूपी गौ माता के लिए अलग-अलग दिन समाजसेवी व भामाशाह की सहयोग से गौ माता को लापसी बनाकर खिलाई जाती हैं। श्री चारभुजा गौशाला के संस्थापक नाथू राम देवासी ने बताया कि गौ माता की रक्षा करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मेरा संपूर्ण जीवन श्री चारभुजा गौशाला में गौ माता के लिए समर्पित किया जाएगा।

समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित की ओर से 2 किकलागों तिपहिया साइकिल व सफाई कर्मियो को आर्थिक सहायता दी

पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा

मैसूरु = रोटरी संस्था बनूर की ओर से वार्षिक सम्मेलन रखा गया द्य चामराज नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद वी.श्रीनिवास प्रसाद मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहे द्य सम्मेलन में संस्था के विस्तार व उत्थान हेतु विभिन्न प्रकार के मुद्दों पर मंथन किया गया द्य पश्चात कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया द्य रोटरी संस्था की 2021- 22 के लिए नई कमेटी का गठन किया गया द्य जिसमें सर्वसमहमति से अध्यक्ष पद पर वासुदेव टी.,उपाध्यक्ष केपेगौड़ा, सचिव बीएस राजेंद्र को मनोनीत किया गया द्य मैसूरु जिला रोटरी संस्था के गवर्नर ए.आर. रविंद्र भट्ट ने नई कमेटी को शपथ दिलाई द्य समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित की ओर से 2 विकलांगो को तिपहिया साइकिल व सफाई कर्मियों को आर्थिक सहायता दी द्य सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहने पर

सांसद वी.श्रीनिवास प्रसाद ने बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित व पार्थ सारथी को सम्मानित किया द्य सांसद ने अपने संबोधन में संस्था के द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सांसद निधि कोष से संस्था को दो नए कमरे बनाकर देने की घोषणा की द्य इस अवसर पर एमसीडीसीसी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सी.बसवे गौड़ा, अतिथि एस प्रवीण,सदस्य एन.शिवानंद, डॉ.आर उमाशंकर, बी.एस.योगेंद्र,बीएन सुरेश,हनुमंत गौड़ा,रामचंद्र गौड़ा,पृथ्वीसिंह चांदावत, रोटरी क्लब के सदस्य शिवकुमार स्वामी ,जंनकसिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे ।

RGS ट्रस्ट मैसूरू द्वारा आपातकालीन स्थिति में रक्त उपलब्ध करवाया

पुषपाजली टुडे

सुमेरपुर- *रक्तदान साक्षात जीवनदान* होता है। रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट, मैसूरू- बेंगलुरु (ऋत्त्स ट्रस्ट) पूरे भारत में जरूरतमंद मरीजों को रक्त की व्यवस्था में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्थान के सुमेरपुर स्थित भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कैंसर मरीज भावाराम देवासी के ऑपरेशन हेतु एबी पॉजिटिव रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ी। मरीज के परिजनों ने ट्रस्ट के राष्ट्रीय संस्थापक गौपुत्र प्रकाश राठौड़ से संपर्क कर रक्त की व्यवस्था के लिए अपील की। रक्तदाता गौतम जैन से संपर्क साधा और उनको रक्तदान के लिए रिक्वेस्ट किया गया। रक्त की व्यवस्था में सुनील अग्रवाल, नरेश कुमार का भी सहयोग रहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया ने रक्तदाता व टीम के सदस्यों की तारीफ की।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित थरा पर , किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

थरा। गांव में आज अंकुर अभियान के तहत सहकारी समिति थरा पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री जे एस राजे सी ई ओ अम्बाह, पोरसा के मार्गदर्शन में पौधे रोपित किए गए जिसमें फलदार, आम, जामुन वृक्ष ,छाया दार वृक्ष पीपल, नीम, इत्यादि प्रकार के पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर सहकारी समिति मर्यादित थरा के प्रबंधक महेंद्र सिंह तोमर, और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।।

'मानसिक तनाव से बचाने के लिए परामर्श सेवा की मदद लेने की सलाह'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

भोपाल । कोरोना महामारी के साथ ही अन्य समाचार सुनने, पढ़ने, देखने, चर्चा से बालगृह में रहने वाले बच्चों के साथ ही अन्य बच्चों के मन में भी भय व्याप्त हो सकता हैं। बच्चों में उत्पन्न मानसिक तनाव से बच्चों के मध्य हिंसा, प्रताड़ना, उपेक्षा के चलते तनाव, गुस्सापन, उग्रता आना स्वाभाविक हैं। ऐसे समय में बच्चों के लिए परामर्श सेवाएं अत्यंत आवश्यक हैं। इस विकट परिस्थिति में राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर नामांकित विशेषज्ञों से चर्चा, परामर्श सेवाएं ली जा सकती है। बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में परामर्श प्रदान करने हेतु उपरोक्त सदस्यों द्वारा समय की उपलब्धता के आधार पर बच्चों की शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के उपचार, समाधान हेतु दूरभाष, ऑनलाईन वीडियो कॉल के माध्यम से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया जा सकता हैं। बालकों के परामर्श हेतु कोविड के दौरान विपरित परिस्थितियों में रह रहे प्रतिकूल रूप से प्रभावित बच्चों की तत्काल सहायता हेतु चौबीस घंटे सातो दिन उपलब्ध चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 या 181 (टोल फ्री नंबर) या व्हाट्सअप नंबर 9407896571 पर संपर्क किया जा सकता हैं।

स्मैक की तस्करी करते हुए युवक गिरफ्तार

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.13 में एक युवक स्मैक की तस्करी कर रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही दलबल के साथ उसे दबोच लिया और आरोपी की तलाशी ली गई तो स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम 8.40 बजे मुन्नासिंह भदौरिया निवासी कचनांव रोड वार्ड क्र.13 जो घर के बाहर स्मैक की तस्करी कर रहा था, सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और आरोपी के पास से तलाशी लेने पर 15 ग्राम स्मैक, कीमत 7 हजार 240 रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया अज्ञात

भिण्ड। गोरमी थाना क्षेत्र के कचनांव खुर्द निवासी एक किशोरी घर के बिना बतायें कहीं चली गई, जब उसके परिजनों ने उसकी तलाश की, जिसके बाद भी उसका पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी निवासी कचनांव खुर्द थाना गोरमी जो विगत 10 दिन पहले घर से बिना बतायें कहीं चली गई, जिसके बाद परिजनों ने रिश्तेदार, नातेदार व सभी जगह तलाश की फिर भी पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी पड़ताल शुरु कर दी है।

कुत्ते के डंडा मारने पर महिला की मारपीट

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के हनुमान नगर जामना रोड पर घर के बाहर एक महिला के पालतू कुत्ते के जब दो लोगों ने रंगदारी दिखाते हुए डंडा मार दिया तो बात गाली-गलौज से लेकर मारपीट तक आ पहुंची, जिसके बाद जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम 10.30 बजे ज्ञानदेवी पत्नी कल्लू जाटव निवासी हनुमान नगर जामना रोड जो घर के बाहर कुत्ते को लेकर खड़ी हुई थी इसी दौरान उसी मोहल्ला निवासी सरमन जाटव, विक्की जाटव ने कुत्ते को डंडा मार दिया, इसी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

आपात सेवा 112 का 18 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण होने पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कर्मियों को वितरित किए प्रशस्ति पत्र

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

एटा । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में 7 जुलाई से 18 दिवसीय फ्रेशर प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ था जिसमे कुल 30 पुलिसकर्मियों को नामित किया गया था, जिनमें से 24 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे 05 कर्मियों का गैर जनपद स्थानांतरण होने के कारण बुधबार को 19 पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण सकुशल सम्पन्न हुआ।

अपर पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश सिंह नोडल अधिकारी यूपी 112 द्वारा समस्त प्रशिक्षुगण से प्रशिक्षण के संबंध में वार्तालाप कर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा कॉलर/पीड़ित से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने के बारे में, रेस्पांस टाइम, जीपीएस इत्यादि के बारे में बताया गया। प्रभारी निरीक्षक यू0पी0112/डीटीयू हरीशंकर वर्मा द्वारा प्रशिक्षुओ को यू0पी0 112 के बारे में जानकारी दी गई।इस मौके पर एमडीएसएल ट्रेनर नितिन सिंह, प्रदीप कुमार एवं बेसिक पुलिस टैक्टिस के विभागीय ट्रेनर का0 हुकम सिंह, का0 जय कुमार, का0 सुनील कुमार एवं प्रभारी डीटीयू/112 हरीशंकर वर्मा, उ0 निरी0 निशांत भास्कर 112/डीटीयू प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह उपस्थित रहे।

सिध्द बाबा मन्दिर पर मंडल कार्य समिति की बैठक हुई सम्पन्न

विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-भितरबार विधान सभा क्षेत्र के घाटीगांव मंडल स्थान सिद्ध बाबा मंदिर रायपुर में मंडल कार्य समिति कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से ओमप्रकाश शर्मा मंडल प्रभारी कोमल पवैया वक्ता के रूप में मोहन सिंह राठौड़, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बी जे पी सीताराम बाथम जी मंडल अध्यक्ष उत्तम बंजारा,उपाध्यक्ष राजननाथ, गोविंद, परमार विजय पाठक , भवानी सिंह बघेल, महामंत्री चंदभान राठौड़ मुरारी, आदिवासी मिडिया प्रभारी महेंद्र सिंह रावत, राकेश पाठक जी, मदन कुशबाह धर्मेंद्र पांडे जी सुभाष गोयल ने आभार व्यक्त किया मंत्री गङ ओर सदस्य सबलू राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

विकलांग बल मप्र की प्रदेश स्तरीय मीटिंग में सम्मलित होंगे निशक्तःजन आयुक्त मप्र संदीप रजक

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

भिण्ड / विकलांग बल मप्र के राज्य सचिव ने आज मोबाइल के माध्यम से संदीप रजक आयुक्त निःशक्तजन मप्र शासन से विकलांग जन की समस्या के समाधान के लिए गूगल पर एक मीटिंग मै उपस्थित होने का आग्रह किया राज्य सचिव के अनुरोध को निशक्तजन कल्याण विभाग के आयुक्त संदीप रजक ने स्वीकार कर लिया है

राज्य सचिव सौरभ बघेल के अनुसार यह मीटिंग 1अगस्त 2021 दिन रविवार को समय दिन मै 3 बजे गूगल प्लेटफार्म पर विकलांग बल मप्र के संगठन द्वारा आयोजित की जायेगी मप्र के 52 जिलों के समस्त विकलांग भाईयों और बहिनों से राज्य सचिव ने अनुरोध किया है की ज्यादा से ज्यादा मीटिंग मै उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान आयुक्त महोदय से करवाये!

मुख्यअतिथि -

संदीप रजक आयुक्त निःशक्तजन मप्र शासन

विशिष्ट अतिथि -

हेमंत सिंह कुशवाह प्रदेश प्रभारी एवं जसवंत राठौर प्रदेश सलाहकार विकलांग बल मप्र

अध्यक्षता -

सौरभ बघेल राज्य सचिव एवं विनोद पाठक शैलेन्द्र यादव प्रदेश उपाध्यक्ष विकलांग बल मप्र

आयोजनकर्ता

विकलांग बल के समस्त साथी जिलाअध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी!

रखोरा में फिर लगा वैक्सीनेशन का शिविर, 602 लोगों को लगा टीका

नव जागृति शक्ति पीठ समिति रखोरा ने स्वास्थ्य कर्मियों का किया सम्मान

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे

पिछोर, के ग्राम पंचायत आगरा के रखरा में स्थित मां जागृति शक्ति पीठ पर बुधवार को वैक्सीनेशन कैंप के द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें तीसरे दिन 602 लोगों को वैक्सीनेशन लगाई गई

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती कामता बाई रघुवीर सिंह लोधी एवं मां नव जागृति शक्ति पीठ समिति प्रबंधन ने वैक्सीनेशन कैंप में सी एच ओ जवाहर सिंह राजपूत ए ए एन एम श्रीमती बैजंती बंशकार आशा सुपरवाइजर श्रीमती लता गुप्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राजकुमारी लोधी आशा आदि टीम के सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया इस अवसर पर मंदिर पुजारी जी सहित समिति के सेवादार अजब सिंह लोधी वी एल ओ किशन लाल सेन रागिनी लाल पत्रकार महेंद्र लोधी रामरतन जाटव केशव प्रसाद कैलाश नारायण महेंद्र लोधी शिक्षक दुर्ग सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।

हरियालो राजस्थान के सपनों को साकार करने के लिए वृक्षारोपण किया गया

पुष्पांजली टुडे

पाली /सोजत उपखंड क्षेत्र के शिवपुरा ग्राम पंचायत के खामल गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षा विभाग के कार्मिकों ने हरियालो राजस्थान का संकल्प पूरा करने के लिए राजकीय विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें नीम , पिंपल, बरगद, गुलाब ,बदाम, कई फलदार वृक्ष लगाए गए। जिसमें विशेष भागीदारी राजकीय विद्यालय के संपूर्ण कार्मिकों की रही।सामाजिक कार्यकर्ता युवराज चौहान खामल ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के लिए जिले के अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है इसी संदर्भ में राजकीय विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण करके वृक्षों की देखभाल करने की शपथ ली गई। इस दौरान करण सिंह, प्रकाश राकेश जयकिशोर , भवानी सिंह, अजीत , सुरेन्द्र कानाराम , सोहन लाल आदि मौजूद रहे।

पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने शातिर बदमाश को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

सुरजीत सिंह क्राइम ब्यूरो

ग्वालियर- पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) हितिका वासल व नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया के निर्देशन व पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टी आई आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टीम ने मुखबिर की सूचना पर शातिर बदमाश देवेंद्र भदौरिया उर्फ नेता निवासी बिरला नगर लाइन नंबर 1 को श्याम बाबा मंदिर के पास बिरला नगर ग्वालियर से अवैध रूप से शराब बेचने पर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया ।आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक की कट्टी में 5 लीटर हाथ भट्टी की बनी देसी शराब मिली ।धारा 49 (क)आबकारी एक्ट का प्रकरण कायम कर कोर्ट में पेश किया व कोर्ट ने भेजा जेल। आरोपी हजीरा क्षेत्र का शातिर बदमाश है जिसके विरुद्ध मारपीट ,अवैध वसूली अवैध हथियार रखने सहित करीब एक दर्जन अपराध थाना हजीरा व ग्वालियर में पंजीबद्ध हैं। आरोपी स्मैक गांजा शराब पीने का आदी है हजीरा क्षेत्र की जनता ही नहीं परिवार वाले भी इससे त्रस्त हैं । गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई आनंद कुमार, एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक मनोज शर्मा ,आरक्षक श्रीकृष्ण राठौर, हेमंत कुमार, भानु प्रताप परिहार व जनक सिंह शामिल रहे।

भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष का रानी दौरा

पाली रानी -भारतीय जनता पार्टी एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेन्द्र मेघवंशी एवं सगंठन मे जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमावत के आज रानी आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव एवं मंडल महामंत्री भरत जीनगर ने फूल माला एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया ।मेघवंशी एवं कुमावत ने कहा कि एससी मोर्चा को मजबूत एव सक्रीय रूप से भाग लेने वाले कार्यकताओं को आगे लाकर संगठन को मजबूत करने को कहा। जिससे पार्टी मजबूत हो। ताकि आने वाले चुनावों में पार्टी को फायदा हो। *इस अवसर पर* नरेश आगरी, सवाराम, पार्षद जोधाराम कुमावत, सुनिल बुनकर, ईश्वर सिंह राजपुरोहित, सुकनराज सिसोदिया, निर्मल गर्ग, कपिल मालवीय, विजय परिहार, जितेन्द्र धारु, सुरेश, ललित आगरी, प्रदिप कच्छहवा,नेमाराम, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

शिक्षा मंत्री के खिलाफ ओझा के नेतृत्व मे विशाल धरना प्रदर्शन

पुष्पाजंली टुडे

पाली -युवा मोर्चा पाली जिला अध्यक्ष कन्हालाल ओझा के नेतृत्व मे विशाल धरना प्रदर्शन आज पाली कलक्टर ऑफिस के बाहर किया गया। सेकडो संख्या में यूवाओ ने गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी कि। कुछ दिनो पहले शिक्षा मंत्री गोविंद डोटासारा ने अपने रिश्तेदारों को इंटरव्यू में ज्यादा अंक दिलवाने का आरोप लगा था जिसकी जांच कर दोषियों और जल्द से जल्द सजा दी जाए और जांच सीबीआई से की जाय यह ज्ञापन राज्यपाल महोदया को कलक्टर के माध्यम से दिया गया है। इस दौरान जिलेभर से युवा मोर्चा के नेताओ ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार, महामंत्री सुनील भंडारी, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, नारायण कुमावत, युवा मोर्चा के पुर्व उपाध्यक्ष गुलाब सांखला, हरिश कुमार सीरवी, कालूराम मेघवाल, महेश सोनी, बगड़ी मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, दीपक पंवर आदि मोजूद रहे।

वन-टू-वन

स्काउट एवं गाइड ने संभागीय प्रशिक्षण केन्द्र पर किया वृक्षारोपण

ग्वालियर। भारत स्काउट एवं गाइड जिला एवं संभागीय मुख्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट जिला ग्वालियर विकास जोशी के निर्देशन में गत दिवस संभागीय प्रशिक्षण केन्द्र नयागांव ग्वालियर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मुख्य आयुक्त बृजेन्द्र सिंह जादौन ,श्रीमती रेशू राजावत, सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट ग्वालियर संभाग मदन मोहन गुप्ता, डीटीसी सुरेश चन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष शिवनारायण गुप्ता उपाध्यक्ष जिला सचिव एसडी उपाध्याय ,जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह भदौरिया , संयुक्त सचिव श्रीमती संगीता आर्य , श्रीमती सुगंधा गोलवलकर, आरएस ठाकुर, राकेश आर्य, आदेश द्विवेदी, पुरूषोत्तम शर्मा,डीओसी शंकर , प्रताप महौर, नरेन्द्र पिप्पल, अनुपम जादौन, गगन शर्मा, राजू वर्मा, योगेश धाकड , शिवम झा, गोपाल सिंह आदि स्काउटर- गाइडर रोवर्स रेन्जर्स उपस्थित रहे।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पांच बाइक चोरी

ग्वालियर। शातिर वाहन चोर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पांच बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार बहोडापुर थाना क्षेत्र से न्यू विवेक नगर निवासी मुकेश पुत्र रामदास माहौर की बाइक क्रमांक एमपी 07 एनए 7015 को चोर पार कर ले गए। वहीं जनकगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज में लाला का बाजार निवासी हरीश पुत्र रतन लाल बाडवानी की बाइक क्रमांक एमपी 6947 अज्ञात चोर उठा ले गए। उधर न्यायालय की पार्किंग से बाइक पर इंदरगंज थाना क्षेत्र स्थित जिला न्यायालय आए रोहन पुत्र सलीम खान निवासी अवाड़पुरा किसी काम से न्यायालय आए से थे और बाइक पार्किंग में रखकर अंदर चले गए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो उनकी बाइक क्रमांक एमपी 07 एमजे 2661 गायब थी। इसके अलावा रानीपुरा निवासी विनोद पुत्र नरेश कुमार बाथम की बाइक क्रमांक एमपी 07 एमवी 9785 को अज्ञात चोर चार शहर का नाका कलारी के सामने से पार कर ले गए। इसी थाना क्षेत्र के पीएचई कॉलोनी सेंटर निवासी रवि पुत्र भरत बघेल की बाइक अज्ञात चोर ले उड़े। वारदात का पता चलते ही पीडित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म गर्भवती होने पर शादी से मुकरा

ग्वालियर। माधव गंज थाना क्षेत्र के आपागंज में रहने वाली एक छात्रा के साथ उसके पड़ोसी ने शादी का झांसा देकर 4 साल तक दैहिक शोषण किया। छात्रा जब गर्भवती हो गई और उसने शादी को कहा तो युवक शादी करने से मुकर गया ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार माधव गंज थाना क्षेत्र के आपागंज निवासी 19 साल की एक छात्रा कि अपने पड़ोस में रहने वाले रॉकी शाक्य नामक युवक से 5 साल पहले दोस्ती हुई ।रॉकी ने छात्रा को शादी करने का झांसा दिया और उसके साथ 4 साल तक दुष्कर्म करता रहा। इस बीच जब छात्रा गर्भवती हो गई और उसने युवक से शादी करने को कहा वह तो वह शादी करने से मुकर गया। इसके बाद छात्रा थाने पहुंची और युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया ।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धार्मिक परिसरों में हो हराभरा एवं प्राकृतिक वातावरण: निगमायुक्त

ग्वालियर। शहर को ग्रीन ग्वालियर के रुप में परिवर्तित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर के सभी धार्मिक परिसर हरेभरे एवं प्राकृतिक वातावरण से भरपूर हों, यहां आने वाले नागरिकों को प्रकृति से जुडने की प्रेरणा मिले, इसके लिए सभी धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों को पौधारोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण को लेकर भी जागरुक होना होगा। उक्ताशय के विचार निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा ने हरेभरे ग्वालियर की परिकल्पना को साकार करने के लिए चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान में सहयोग के लिए धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ परिचर्चा में व्यक्त किए।

रिश्ते के भांजो ने किया मामी से दुष्कर्म: मामा का एक्सीडेंट हो गया है कहकर मामी को ले गए

ग्वालियर। ग्वालियर में महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपी रिश्ते में महिला के भांजे लगते हैं। वह महिला को मामा का एक्सीडेंट होने की बात कहकर घर से ले गए थे। इसके बाद आरोपियों ने जंगल में ले जाकर गैंगरेप किया। बाद में जान से मारने की धमकी भी दी। दो महीने तक आरोपी महिला को ब्लैकमेल करते रहे। परेशान होकर महिला ने पति को आपबीती बताई। महिला ने पति के साथ पहुंचकर महाराजपुरा थाने में बुधवार को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। महाराजपुरा स्थित भारत मार्केट निवासी 24 वर्षीय महिला अपने पति के साथ रहती है। पति अक्सर रात में ऑटो चलाता है। घर से कुछ दूर अरविंद माहौर (22) और सोनू माहौर (24) रहते हैं। दोनों किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। करीब दो महीने पहले एक दिन रात 9 बजे महिला का पति ऑटो लेकर निकला था। कुछ देर बाद अरविंद और सोनू घर पहुंचे। महिला को बताया, मामा का एक्सीडेंट हो गया है। जल्दी चलो, बातों में आकर महिला उनके साथ चली गई। दोनों युवक उसे महाराजपुरा में ही जंगल में ले गए। यहां महिला को धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद धमकी दी, यह बात किसी को बताई, तो जान से मार देंगे। बदनामी के कारण महिला चुप रही।

बच्चे को मारने की दे रहे थे धमकी

महिला ने पुलिस को बताया, घटना के बाद आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। वह बेटे की हत्या करने की धमकी दे रहे थे। साथ ही, संबंध बनाने के लिए भी दबाव बना रहे थे। इस कारण उसने बच्चे को घर से निकालना तक बंद कर दिया था। कहीं जाना होता था, तो पति के साथ ही जाती थी। परेशान महिला ने पति को आपबीती बता दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बहन से मिलाने के बहाने ले जाकर छात्रा से किया दुष्कर्म

ग्वालियर। उपनगर नगर मुरार थाना क्षेत्र के तिकोनिया पर रहने वाली एक छात्रा से पहले ही एक युवक की दोस्ती हुई। इसके बाद युवक एक दिन छात्रा को अपनी बहन से मिलाने के बहाने अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने का वादा कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा ।जब छात्रा ने शादी करने को कहा तो उस युवक ने मना कर दिया। इसके बाद छात्रा थाने पहुंची और युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के तिकोनिया निवासी 17 साल की एक छात्रा की डेढ़ साल पहले एक कार्यक्रम में थाटीपुर गल्ला कोठार निवासी रवि चोपड़ा से मुलाकात हुई। इसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। एक दिन रवि छात्रा को अपनी बहन से मिलाने के बहाने ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

7 महीने बाद खुले स्कूल तो पहुंच गए बंदर, छात्र और कर्मचारी को काटा

ग्वालियर। ग्वालियर में डबरा के सरकारी स्कूल में बंदरों ने जमकर आतंक मचाया। 7 महीने बाद स्कूल खुलने के दूसरे ही दिन बंदर क्लास रूम में घुस गए और प्रिंसिपल रूम में भी कब्जा जमा लिया। एक बंदर प्रिंसिपल की कुर्सी पर बैठ गया। क्लास रूम में टीचर के कंधों पर भी बैठ गए। करीब एक घंटे तक बंदर स्कूल में उत्पात मचाते रहे। इस दौरान बंदरों ने एक छात्र और कर्मचारी सहित दो लोगों को काट भी लिया।

मामला ग्वालियर के डबरा के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल का है। मंगलवार को 11वीं के छात्र पहुंचे थे। स्कूल में प्रवेश लेने के लिए छात्र और उनके अभिभावक भी आए थे। इसी दौरान करीब पांच-छह बंदरों का दल भी पहुंच गया। बंदरों ने प्रिंसिपल के कमरे में धावा बोल दिया। इसके बाद प्रिंसिपल ने डरते हुए अपनी कुर्सी छोड़ दी, तो एक बंदर ने कुर्सी पर कब्जा कर लिया। इस दौरान स्टाफ ने इसका

वीडियो बना लिया।

वहीं क्लासरूम में भी बंदरों ने काम कर रहे शिक्षकों के सिर पर बैठकर उछल-कूद मचाई। बरामदे में मौजूद बंदरों ने एक छात्र और अभिभावक के पैर में काट लिया। डबरा के इस स्कूल के साथ ही क्रष्ट दफ्तर, जनपद ऑफिस में भी बंदरों का ये दल उत्पात मचाता है। स्कूल के कर्मचारियों ने बताया कि 15 से 20 दिन में बंदरों की टोली स्कूल में आती है और धमाल मचाती है। वन विभाग को फोन पर सूचना दी जाती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। इस लापरवाही के चलते कभी बड़ा हादसा हो सकता है। उधर, प्रिंसिपल कमल किशोर श्रीवास्तव ने बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग से संपर्क करने की बात कही है। स्कूल स्टाफ के साथ ही छात्रों ने बताया कि बंदरों का ये दल अक्सर आता है, उत्पात मचाने के साथ ही ये बंदर लोगों को काटकर घायल भी कर देते हैं।

प्रिंसिपल का कहना: प्रिंसिपल कमल किशोर श्रीवास्तव का कहना है कि स्कूल में बंदर आकर उत्पात मचाते हैं। यहां बच्चों की जान को खतरा भी है। वन विभाग को सूचना देते हैं पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। हर 15 से 20 दिन में बंदर यह हरकत करते हैं।

हमला करते हैं: स्कूल की कर्मचारी कुसुम रायकवार ने बताया कि आए दिन बंदर हमला करते हैं। डर लगता है किसी बच्चे को नुकसान न पहुंचा दें। वन विभाग को बार-बार सूचना देते हैं पर कोई एक्शन नहीं लिया जाता।

रामदास घाटी पार्क में लगाए शीषम, नीम, कचनार के पौधे

ग्वालियर। निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्रीन ग्वालियर के लिए चलाए जा रहे अंकुर अभियान के तहत बुधवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें पार्क निरीक्षक राजकुमार सिंह राजावत द्वारा ग्वालियर विधानसभा में रामदास घाटी पार्क में शीशम, नीम, कचनार आदि प्रजाति के कुल 120 पौधो का रोपण किया गया एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय नागरिकों द्वारा ली गई। वहीं पार्क निरीक्षक श्री अंकित परिहार द्वारा सिरोल पहाड़िया पर पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदाई का कार्य गतिशील कराया जा रहा है। इसी के साथ ही पार्क पर्यवेक्षक श्री अनिल धाकड द्वारा जमनाबाग नर्सरी में सेवंती की कलम लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे सेवंती की पौध तैयार की जा सके।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478